वर्ष 23, अंक 258, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 12 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



नासिक मिलिट्री कैंप में धमाका, दो अग्निवीरों की मौत

नासिक

नासिक आर्टिलरी सेंटर में एक दुखद घटना में नियमित प्रशिक्षण सत्र के दौरान हुए विस्फोट में दो अग्निवीरों की जान चली गई. यह दुर्घटना लाइव-फायर आर्टिलरी अभ्यास के दौरान हुई.

यह विस्फोट उस समय हुआ जब सैनिक तोपखाने से फायरिंग का अभ्यास कर रहे थे, जिसमें दोनों अग्निवीर गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास किया गया लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि इन लोगों ने दम तोड़ दिया. इस घटना से पूरे तोपखाने केंद्र में शोक की लहर दौड़ गई और अधिकारियों ने विस्फोट के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है.

फायर फाइटर्स को नासिक के आर्टिलरी सेंटर में ट्रेनिंग दी जाती है।

मोदी ने लाओस से की शांति की अपील, चीन पर बोला हमला

युद्ध से नहीं निकलता समाधान... पीएम

विएंतियान: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जारी संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ह्यग्लोबल साउथह्न के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को यूरेशिया और पश्चिम एशिया में शांति एवं स्थिरता की बहाली का आह्वान किया। मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (एअर) को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति तथा प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है। मोदी ने कहा, 'हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS) के तहत संचालित की



जानी चाहिए। नौवहन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए। और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई अंकुश नहीं लगना चाहिए।'

बिना नाम लिए उन्होंने सीमा विस्तार करने वाले चीन पर नशाना साधा। उन्होंने कहा, 'हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए, न कि विस्तारवाद का।' विश्व के विभिन्न भागों में चल रहे संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ह्यग्लोबल साउथह्न के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि चाहे वह यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया, हर कोई चाहता है कि यथाशीघ्र शांति और स्थिरता बहाल होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं बुद्ध की धरती से आता हूं और मैंने बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना आवश्यक है। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी।' उन्होंने कहा कि विश्वबंधु की जिम्मेदारी निभाते हुए भारत इस दिशा में हरसंभव योगदान देता रहेगा। उनकी यह टिप्पणी यूरेशिया में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष तथा पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास युद्ध के बीच आई है। मोदी ने कहा, 'आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इसका सामना करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को मिलकर काम करना होगा।'

महिला सुरक्षा के लिए पुलिस कमिश्नर ने किया 2 पिंक बूथ का उद्घाटन

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति-5 के तहत शुक्रवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने गौतम बुद्ध नगर में दो पिंक बूथ का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा गौतम बुद्ध नगर पुलिस महिला अपराध को रोकने के लिए कृत संकल्प है। इसके लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बूथ बनाने का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को उत्पीड़न और अपराध से बचाना है। किसी भी महिला के साथ अगर कोई अप्रिय घटना होती है ।

हरियाणा में कांग्रेस की हार पर अशोक गहलोत का बड़ा बयान, 'गुटबाजी भी...'



हरियाणा : हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद से पार्टी नेता हैरान हैं. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा में कांग्रेस के पर्यवेक्षक रहे अशोक गहलोत ने शुक्रवार (11 अक्टूबर) को एबीपी न्यूज से खास बातचीत में कहा कि नतीजे चौंकाने वाले हैं. साथ ही उन्होंने माना कि हार के कारणों की एक वजह गुटबाजी हो सकती है. गहलोत ने पार्टी की बैठक में राहुल गांधी के बयान पर भी सहमति जताई और कहा कि चुनाव में नेताओं ने व्यक्तिगत हित को पार्टी हित से ऊपर रखा. आम आदमी पार्टी से गठबंधन को लेकर भी गहलोत ने कहा कि अगर गठबंधन होता तो अच्छा होता.

बड़ी बात ये कि अशोक गहलोत को लगता है कि हरियाणा के चुनाव में हार का असर महाराष्ट्र चुनाव पर भी पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद जताई की चुनाव प्रचार शुरू होते ही हालात सुधर जाएंगे.

हरियाणा चुनाव को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की समीक्षा बैठक पर अशोक गहलोत ने कहा कि दोनों नेताओं ने कहा कि इस हार की तह तक जाना होगा कि जीता हुआ चुनाव कैसे हार गए. उन्होंने जाट बनान गैर जाट पर कहा, "हरियाणा में पहले भी जाट बनाम नॉन जाट हुआ है. शायद इस बार भी हो गया. बीजेपी ने माहौल बनाया और लोग डर गए कि जाटों की सरकार आ रही है."

किन मुद्दों पर हुई चर्चा?

उन्होंने कहा, "हमने सभी मुद्दों पर चर्चा की कि गुटबाजी की वजह से हारे, या दलित वोट के जाने से हारे या फिर ईवीएम की वजह से या किसी और कारण से हम हारे. गुटबाजी की वजह से हारे, हुड्डा बनाम सैलजा की वजह से, ये पता लगाया जाएगा।

टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन होंगे नोएल टाटा

मुंबई। रतन टाटा के निधन के बाद उनका उत्तराधिकारी चुनने के लिए टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक खत्म हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरमैन बनाया जाएगा। टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का 9 अक्टूबर को देर रात निधन हो गया था।

मुंबई में चल रही टाटा ट्रस्ट के बोर्ड की बैठक के जरिए ही नया चेयरमैन चुना गया। ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त करने के लिए ट्रस्ट डीड में स्पष्ट गाइडलाइंस दी गई थी।

नोएल टाटा मौजूदा समय में टाटा ग्रुप की कंपनियों टाटा स्टील और टाइटन में वाइस-चेयरमैन के पद पर तैनात हैं। उन्होंने 2000 की शुरूआत में टाटा ग्रुप में काम करना शुरू किया था।

इस साल की शुरूआत में नोएल टाटा के तीन बच्चों - लिआ, माया और नेविल - को सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट से जुड़े कई ट्रस्टों में ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया था।

डोनाल्ड ट्रंप के 'बिजली बिल' के बयान से

'आप' गदगद, अपनी तारीफ के बांधे पुल

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में भी दिल्ली के 'फ्री की रेवड़ी' वाले मॉडल ने एंट्री मार ली है। ऐसा दावा आम आदमी पार्टी (आप) का करना है। यहां तक कि पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की तारीफ के पुल बांधने में जुटे हैं। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो शेयर किया है। दोनों नेताओं ने ट्रंप के बिजली वाले

ऐलान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ट्रंप के 'फ्री बिजली बिल' के बयान से 'आप' गदगद नजर आई और अपनी तारीफ के पुल बांध रही है। एक तरफ जहां दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अमेरिका में मुफ्त की रेवड़ी पहुंचेगी। वहीं, आप नेता राघव चड्ढा ने कहा केजरीवाल का शासन का मॉडल सस्ती बिजली, मुफ्त पानी, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और मुफ्त विश्व स्तरीय शिक्षा, सही मायने में 'कल्याणवाद' का एक शानदार उदाहरण है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप का वीडियो शेयर किया है, जिसमें अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार ट्रंप ने मिशिगन में एक चुनावी कैंपेन में कहा कि मैं 12 महीनों के भीतर बिजली की कीमत आधी कर दूंगा।

अब कभी किसी भी दल के साथ बसपा गठबंधन नहीं करेगी : मायावती

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को गठबंधन को लेकर बड़ा निर्णय लिया। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर इस बात के संकेत दिए हैं कि उनकी पार्टी अब भविष्य में किसी दल के साथ गठबंधन नहीं करेंगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम और इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब आगे गठबंधन

नहीं होगा। जबकि, एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी। मायावती ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

पीएम मोदी के शामिल होने की संभावना

15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं नायब सिंह सैनी

हरियाणा

अपनी ओर से, हरियाणा सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह की व्यवस्था की निगरानी के लिए पंचकुला के उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों की 10 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

नायब सिंह सैनी के 15 अक्टूबर को पंचकुला में हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की संभावना है। हालांकि राज्य सरकार ने कार्यक्रम की तारीख और स्थान का उल्लेख करते हुए एक आधिकारिक पत्र जारी किया है। वहीं, सैनी के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि वे अभी भी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धता की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। अपनी ओर से, हरियाणा सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह की व्यवस्था की निगरानी के लिए पंचकुला के उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों की 10 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

गुरुवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में, मुख्य सचिव टी वी एस एन प्रसाद ने कहा कि पंचकुला के अतिरिक्त उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त भी समिति के सदस्य होंगे। चूंकि भाजपा ने निवर्तमान

मुख्यमंत्री सैनी को सीएम चेहरे के रूप में पेश करके विधानसभा चुनाव लड़ा था, इसलिए पूरी संभावना है कि वह नई सरकार का नेतृत्व भी करेंगे। सैनी के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ कुछ मंत्री भी शपथ लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी हिस्सा लेंगे।

90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा ने 48 सीटें जीतीं। भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल समेत तीन निर्दलीय विधायकों ने भी बीजेपी को समर्थन देने का ऐलान किया है. मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने 37 सीटें जीतीं और इंडियन नेशनल लोकदल ने दो सीटें जीतीं।

धूल कांग्रेस के चेहरे पर थी और वो आईना साफ कर रहे थे: मुख्तार अब्बास

नई दिल्ली। मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस को हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को स्वीकारने की सलाह दी है। समझाया है कि गलती उन से कहां हुई। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता ने लखनऊ में जेपी की मूर्ति पर माल्यार्पण विवाद से लेकर जम्मू कश्मीर के नतीजों पर विचार साझा किए।

मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस पर अब कुछ कहना चाहिए। लेकिन, एक बात तो यह सही है कि कांग्रेस के चेहरे पर धूल थी और वह आईना साफ करने में लगे थे। आईना साफ करने से चेहरा चमकने लगे, ऐसा कभी होता नहीं है।

नकवी ने इशारों-इशारों में बताया कि दरअसल, गलती कहां हुई। उन्होंने कहा, हर दूसरा कांग्रेसी यह दावा कर रहा था कि

वे मुख्यमंत्री हैं। पहली बात तो यह है कि आपको जनादेश के बारे में कोई जानकारी नहीं थी; उससे पहले ही आपने अपनी सत्ता का ढोंग करना शुरू कर दिया था।

इस बीच, हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत का आंकड़ा न छू पाने पर कांग्रेस में मंथन का दौर जारी है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व समीक्षा कर रहा है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा है, सब कुछ हमारे पक्ष में था। लेकिन, हम जीत नहीं पाए। इसका हमें दुख है।

वहीं, जेपी की मूर्ति पर माल्यार्पण को लेकर भाजपा पर समाजवादी पार्टी ने सवाल खड़े किए हैं। इस पर भाजपा नेता ने कहा, आपातकाल के दौरान जब कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या की, तब समाजवादी, जनता संघ के सदस्य और पूरा विपक्ष स्वतंत्रता संग्राम में एकजुट हुआ, महत्वपूर्ण बलिदान दिए, जेल गए और इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह संघर्ष कांग्रेस के अहंकार, अराजकता और असंवैधानिक अपराधों के खिलाफ था। इसलिए, जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में किया गया आंदोलन महत्वपूर्ण था और यह वास्तव में उन सभी के लिए गर्व की बात है जो उनके योगदान को याद करते हैं।

जम्मू कश्मीर चुनाव के नतीजों को नकवी ने लोकतंत्र के लिए अच्छा माना। नकवी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए चुनाव लोकतंत्र की जीत हैं। जिस उत्साह के साथ लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वह इस बात का प्रमाण है कि जम्मू-कश्मीर के लोग लोकतंत्र, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के साथ खड़े हैं। जम्मू-कश्मीर की नई सरकार का संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने लोगों की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के लिए पूरी लगन से काम करे। इसके अलावा, संविधान के तहत जो भी सही होगा, राज्य सरकार को केंद्र सरकार का समर्थन मिलेगा।

पूर्व पार्षद की गोली मारकर हत्या, पत्नी और दो बेटे हिरासत में

भोपाल। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार को एक कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई।

मृतक की पहचान हाजी कलीम खान उर्फ गुड्डू (60) के रूप में हुई है।

हाजी कलीम खान की नीलगंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वजीर पार्क कॉलोनी में सुबह करीब पांच बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी खान को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पड़ोसियों ने पुलिस को हत्या की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की टीम और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

अवकाश की सूचना

विजयादशमी के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, अभिकर्ताओं, पत्र वितरकों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनायें। इस अवसर पर अखंड भारत संदेश कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 12 अक्टूबर 2024 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 14 अक्टूबर 2024 को मिलेगा।

- महाप्रबंधक

नेता जी गरीबों, मजलूमों, किसानों और नौजवानों के असली मसीहा थेः संदीप पटेल

अखंड भारत संदेश

करछना/प्रयागराज। श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव कबड्डी प्रतियोगिता कमेटी डीहा द्वारा नेता मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा कि धरती पुत्र नेता जी गरीबोंए मजलूमोंए किसानों और नौजवानों के असली मसीहा थे जिन्होंने खेल जगत में युवाओं को जितना प्रोत्साहन दिया वह आज इतिहास के रुप में साक्षी है।

नेता जी के उत्तराधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में इकॉना स्टेडियम बनाकर नौजवानों को प्रोत्साहित करने का काम किया है। आज सभी ष्पद्म विभूषणष् नेता जी की पुण्यतिथि पर याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। विशिष्ट अतिथि पद से बोलते हुए सपा जमुनापार जिला उपाध्यक्ष रणजीत सोनकर ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा से खेलना चाहिए ईर्ष्या से नही। नेता जी एक पहलवान थे उनका चरखा दांव आज भी राजनीति के क्षेत्र मे अग्रणी है। सपा करछना विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा कि आज खेल कि प्रतिभाओं में ग्रामीण क्षेत्र के नौजवान काफी उत्साहित हैं यदि उनको प्रोत्साहित किया जाता रहा तो देश का नाम दुनिया में रोशन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान लल्लन प्रसाद यादव ने किया। प्रमुख अतिथियों में अजायब सिंह यादवए छोटे लाल शर्माए रामानन्द यादवए मान सिंह पटेलए डॉण् अफजलए मोहन लाल यादवएनीरज यादवए अवनीशए डॉण् उमेशए सुधीर यादवए अविनाश यादवए पंकजए अरुणए राजेश विश्वकर्मा आदि ने नेता जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबूए जिला पंचायत सदस्य डॉण् विजय बाबू तथा समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह ने विजेता टीम प्रकाश हॉस्पिटल के खिलाड़ियों को नेता जी का समाजवादी प्रतीक चिन्ह साइकिलए शील्डए मेडलए इनाम राशि एवं पोशाक भेंट किया। तथा उप विजेता टीम बरबोझा को इनाम राशिए शील्डए मेडल और पोशाक प्रदान किया।कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश यादव एवं अतुल यादव ने निर्णायक मंडल को नेता जी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा भेंट की। प्रतियोगिता के विशेष सहयोगियों में एमएस स्टडी पॉइन्टए गुरुकुल लाइब्रेरीए पाम ग्रुपए आदर्श टेन्ट हॉउसए दीपक टेन्ट हॉउसए चंद्रजीत स्टूडियोए वृष्णा विजयाए सुधाकरए मिथिलेशए सुनील यादवए अंकित यादवए संजय यादवएअमितए बबलू कन्नौजियाए अभिषेकए दिलीप आदि प्रमुख रहे।

नैनी दशहरा का रामदल कैसे निकलेगा, सड़कों पर हैं गड्ढे

अखंड भारत संदेश

नैनी/प्रयागराज। नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल ने शासन प्रशासन जिलाधिकारी प्रयागराज एवं नगर आयुक्त प्रयागराज से मांग किया है कि जिन मार्गो से चौड़ीकरण के नाम पर सभी स्ट्रीट लाइट निकाल दी गई है उन मार्गो में जगह-जगह पर गड्ढा एवं अंधेरा छाया हुआ है इन्हीं मार्गो से रामदल निकलता है और नैनी का दशहरा ग्रामीण क्षेत्र से बीसो गांव के लोग मेले में आते हैं। जिन मार्गो से लोगों को आना जाना है वहां भीषण गंदगी जलभराव एवं अंधेरा छाया है इसी तरह नैनी मेवालाल चौराहे पर गोल चौराहा बनाने का कार्य चल रहा था जगह कम होने की वजह से उसको तोड़ दिया गया। लेकिन उसका मलवा अभी तक नहीं हटाया गया है। इससे दशहरा में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जिला अधिकारी प्रयागराज से मांग किया है कि दशहरा को देखते हुए सभी समस्या का हल निकाला जाए क्योंकि इस बार काफी चौकियां निकालने की संभावना है। दशहरा को देखते हुए इसका जल्द से जल्द हल निकाला जाए।

सार्वजनिक रामलीला में कुंभकरण का वध का मंचन हुआ

अखंड भारत संदेश

नैनी/प्रयागराज। नैनी सार्वजनिक रामलीला ट्रस्ट स्वदेशी काटन मिल में चल रहा रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें प्रभु राम चंद्र जी की वानर सेना समुन्द्र किनारे बैठकर समुद्र पार करने की योजना बना रहे थे तब विभीषण ने बताया कि आपको समुद्र से रास्ता मांगने का निवेदन करना चाहिए। मंचन में कुंभकरण वध हुआ। अतिथियों ने प्रभु श्रीराम की आरती उतार कर आशीर्वाद लिए। रामलीला समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवालद्ध डायरेक्टर प्रिया मिश्रा, जूही जायसवाल, शालू चड्ढा, रुचि तिवारी, आकांक्षा जायसवाल, प्रमोद सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, बबलू तिवारी, योगेश सिंह, अजय यादव, दिलीप केसरवानी, आलोक सिंह, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश पटेल, संदीप द्विवेदी, आनंद शर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी, राजीव वर्मा, जय कृष्ण तिवारी, शिव तिवारी, रजत दूबे, विनोद यादव, समर सिंह राजा सिंह, रितेश शुक्ला, धर्मराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

नैनी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने टप्पेबाजो को धर दबोचा

चोरी के रुपये व सोने की चैन के साथ सात गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

नैनी/प्रयागराज। नैनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी उसने मुखबीर की सटीक सूचना पर एसओजी यमुनानगर की पुलिस टीम की मदत से नैनी आरटीओ ऑफिस के पास क्षेत्र में घेराबन्दी कर टप्पेबाज गिरोह के सात लोगो को धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार तलासी एवं सघन पूछताछ में सभी चोरों को मिलाकर चोरी के 91500 रुपये एवं सोने की दो चैन घटना में प्रयुक्त दो ऑटो आदि बरामद हुए है।अपराधी इतिहास खंगालने के बाद सभी को जेल भेजा गया।अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक नैनी वैभव सिंह एवं एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम की पुलिस द्वारा अपराधियो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही थी कुशल नेतृत्व में दरोगा अमित कुमार सिंह व संजीव कुमार, रामानन्द, मनीष कुमार, ब्रजेश कुमार व एसओजी टीम प्रभारी नवीन सिंह के टीम क्षेत्र में सुरक्षा हेतु मौजूद थी तभी मुखबीर ने आरटीओ ऑफिस क्षेत्र में टप्पेबाज गैंग गिरोह के लोगों की होने की खास सूचना दी।जिसपर सुरक्षा में लगी सभी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और पुलिस घेराबन्दी कर कुल सात लोगो को हिरासत में लिया। पकड़े गये टप्पेबाजों की पहचान

मो0 ताजीम पुत्र मो0 अहमद ग्राम बुंदवा घुरपुर व मो0 एजाज पुत्र जमिलुहक पुरुवाखास औद्योगिक क्षेत्र नैनी व घनस्याम भारतीया पुत्र हजारी लाल ग्राम बएहरा औद्योगिक क्षेत्र व विशाल पुत्र लल्लन कर्मा बाज़ार घुरपुर व करीम पुत्र अब्दुल हादी पुरुवाखास औद्योगिक क्षेत्र व अमानत पुत्र हाजिरजब अली सारंगपुर औद्योगिक क्षेत्र व शिवम सोनी पुत्र मुन्ना सोनी घुरपुर बाजार के निवासी है।पूछताछ में उन्होंने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि साहब रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर आने जाने वालो की रेकी करते थे जिन लोगो के पास ज्यादा सामान होता था उन्हें अपना शिकार बनाकर ऑटो में बैठाते थे कुछ साथी उन्हें उलझा कर उनके कीमती सामान निकालकर ऑटो खराब होने का बहना बनाकर उन्हें गाड़ी से उतार कर भाग जाते थे। हम सभी त्योहार दृष्टिगत आने जाने वाले यात्रियों की रैकिं करने के जुगाड़ में लगे थे कि आप लोगो द्वारा पकड़े लिए गये। पुलिस सभी चोरों की अपराधी कुंडली निकालने के बाद उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल के लिए रवाना किया।

राम बाग में श्रीराम और सुग्रीव मित्रता का सराहनीय मंचन किया

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा/प्रयागराज। मऊआइमा के राम बाग में आदर्श रामलीला कमेटी शुक्ला का पूरा छाता मऊआइमा के द्वारा रामबाग में चल रहे राम लीला के दौरान श्री राम और सुग्रीव मित्रता का बहुत ही अच्छा मंचन किया तथा हनुमान जी ने श्रृष्यमूक पर्वत की शिखर पर राम और सुग्रीव की मित्रता अग्नि को साक्षी मानकर कराई द्य इस अवसर पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी अध्यक्ष सचिन साहू एमहामंत्री मुदित खत्री एप्रवीण केसरवानी ए बिंदेश्वरी केसरवानी डॉक्टर नंदलाल मौर्याएरवि साहूए अजीत साहू एअशोक साहू एदिलीप केसरवानी एमनीष साहू एबनारसी साहूए राम जी सोनीए शारदा मौर्यए राजेश गुप्ताए संजय आदि मौजूद थे।

मिशन शक्ति उच्च प्राथमिक विद्यालय मरखामऊ में आयोजित

मऊआइमा/प्रयागराज। महिलाओं व बालिकाओं को मां दुर्गा के नौ रूपों के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों और कुरीतियों के प्रति तथा इन सब के बीच महिलाओं की शक्तिए शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहम्मद वारिसए तथा बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से रिया, कक्षा 7 वंशिक, रितिका, कविता, कक्षा 6 इशिका, अभिरुचि, कक्षा 5. श्रेया, शालिनी, कक्षा 4. अभय, कक्षा 8 आदि ने कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति की

सहसों में एसीपी थरवई के साथ हुई व्यापार मंडल की गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

सहसों/प्रयागराज। आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की एक गोष्ठी सहसों में मंडल प्रभारी व जिलाध्यक्ष प्रयागराज रमेश केसरवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

गोष्ठी में व्यापारियों की समस्याओं को रखते हुए गंगापार जिलाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न और उनका शोषण किसी भी प्रकार से नहीं होने दिया जाए। इस अवसर पर एसीपी थरवई चन्द्र पाल सिंहए इंस्पेक्टर सरायइनायत संजय गुप्ताए पुलिस चौकी प्रभारी सहसों शिव प्रताप सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनको संतुष्ट करते हुए कहा कि व्यापारियों की कोई भी समस्या होती है तो वह मुझसे तत्काल सम्पर्क करें उनकी समस्या का हर संभव तत्काल समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। ईसी प्रकार 17 अक्टूबर को सहसों बाजार में होने वाला दशहरा मेला निर्विघ्न संपन्न हो जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन पुरे मेला क्षेत्र में पूरी तरह मुस्तैद रहे तथा मेले में यातायात की भी समस्या भी पूरी तरह से काबू रह सके आदि विषयों पर पुलिस एवं व्यापारियों में विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला सचिव संजय सिंहए वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत अशोक तिवारीए राजधर द्विवेदीए सहसों व्यापार मंडल अध्यक्ष अमन प्रकाश केसरवानीए उपाध्यक्ष राहुल सिंहए विनीत कुमार शुक्लाए अवधेश कुमारए अभिषेक केसरवानीए मनोज तिवारीए उमेश केसरवानीए प्रेमचंद्र प्रजापतिए व्यास मुनि विश्वकर्माए अमित गुप्ताए शशांक तिवारीए हर्ष केसरवानीए कुनाल सोनीए सचिन केसरवानीए अभिषेक केसरवानीए मीडिया प्रभारी रवि दूबे सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

चौरा माता मंदिर बरियांवा में भक्तों द्वारा पूजन, अर्चन

अखंड भारत संदेश

जंघई/प्रयागराज। नव निर्मित ग्राम देवी चौरा माता मंदिर बरियांवा शुक्लान में नवरात्रि में प्रतिदिन भक्तों द्वारा पूजन.अर्चन आरती भजन कीर्तन किया गया तत्पश्चात नवरात्रि संपन्न होने पर पूर्णाहुति हवन आरती महाप्रसाद का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि में ग्राम देवी चौरा माता मंदिर बरियांवा गांव में भक्तों द्वारा सुबह शाम पूजन.अर्चन आरती भजन कीर्तन किया गया पूरा क्षेत्र भक्तिभाव में सराबोर होकर मां की पूजा अर्चना में सभी भक्त लीन रहे। पूजन अर्चन आरती भजन में जवाहर लाल शुक्लाए कृपाशंकर शुक्लाए प्रेमशंकर शुक्लाए जयेंद्र शुक्लाए प्रकाश शुक्लाए राजकुमार शुक्लाए राम आसरे पाठकए राजेश शुक्लाए महेंद्र शुक्लाए अमृत लाल शुक्लाए अखिलेश मिश्राए मिथिलेश मिश्राए जियालाल शुक्लाए शैलेंद्र शुक्ला आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

लक्ष्मण शक्ति कुंभकरण वध की लीला का मंचन किया गया

अखंड भारत संदेश

नैनी/प्रयागराज। नैनी श्री अवंतिका रामलीला में लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध की लीला का अत्यंत रोमांचकारी मंचन हुआ। मेघनाथ द्वारा वीर घातिनी शक्ति के प्रहार से लक्ष्मण के प्राण संकट मे हैं । रामा दल शोकाकुल है। हनुमान संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाते हैं। वानर सेना हनुमान को अपने कंधों पर उठा लेती है। रावण कुंभकरण को जगा कर

जगदंबा हरि आनि अब सठ चाहत कल्यान

वस्तुस्थिति से अवगत कराता है। सारी बात सुन कर कुंभकरण व्याकुल होकर रावण से कहता हैए अरे मूर्ख जगत जननी का हरण कर अब तू अपना कल्याण चाहता है। सुनि दसकंधर वचन तब कुंभकरण बिलखान। जगदंबा हरि आनि अब सठ चाहत कल्यान। कुंभकरण की मार से भयाक्रांत वानर सेना राम को बताती है कि वह कुंभकरण से लड़ पाने में असमर्थ है। तब भगवान श्री राम कुंभकरण से युद्ध करते हैं और बड़ी सरलता से उसका वध कर देते हैं। चारों ओर जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबेए अवधेश पांडेयए आर के पांडेयए एन के वर्माए अनंत झाए राजेंद्र शुक्लाए उदय प्रताप सिंहए बागेश पांडेयए साधना पांडेयए आस्था पांडेयए अरुण त्रिपाठीए राकेश त्रिपाठीए बीबी सिंहए मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

सिरसा गंगा घाट पर नहाने गया युवक पानी मे डूब गया

सिरसा गंगा फेरी घाट पर नहाने गया युवक समाया गहरे पानी में। खोजने के लिए लगी एनडीआरएफ की टीम

अखंड भारत संदेश

सिरसा/प्रयागराज। सिरसा मेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत सिरसा के गंगा फेरी घाट पर श्रद्धालुओं के नहाने वालों का ताता लगा हुआ था कि अचानक दोस्तों संग नहाते हुए एक युवक पानी में डूब गया। लोगो ने उसकी पहचान सूर्य प्रकाश पटेल ;20 वर्षद्ध ग्राम टिकुरी के रूप में बताई। सूर्य प्रकाश पानी में नहाते समय डूबने लगा और गहरे पानी में समा गया । वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर चौकी प्रभारी सिरसा अंकित तिवारी मय फोर्स सहित पहुंचकर युवक की बॉडी खोजने के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाई और खोजने में लग गई। समाचार लिखे जाने तक अभी युवक का कुछ पता नही लग पाया है। युवक की डूबने के खबर पाकर परिवार में सन्नाटा छा गया और रो-रो कर बुरा हाल होने लगा।

पूजन हवन के बाद कन्या भोजन करा भक्तों ने लिया माता का आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

सहसों/प्रयागराज। शारदीय नवरात्र में मां आदिशक्ति की विविध रूपों में भक्तों ने श्रृंगारए पुष्प, पूजनए अर्चन, धूप, दीप कर मां जगदंबा की उपासना तथा जप तप करते हुए सकल मनोरथ की कामना के साथ नौवें दिन कन्या भोजन कराकर माता रानी का आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर भक्तों ने घरों एवं पूजा पंडालों में कन्याओं का चरण धोकर सब प्रकार से पूजन तथा चरण वंदन कर उनका भक्त नर नारियों ने आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनकुईयां में नौ दिन तक सजे माता के दरबार में नौ रूपों की श्रृंगार के साथ मां जगदंबा की पूजा अर्चना हुई। तथा जगराता कर माता रानी का भजन कीर्तन एवं तरह.तरह की आकर्षक झांकियां के साथ मनोहरी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

तत्पश्चात नवरात्र की समाप्ति पर नवमी तिथि में सर्व कल्याण हेतु हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा लता विश्वकर्माए राकेश कुमार विश्वकर्माए प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू ए ग्राम प्रधान अशोक कुमार भारतीयाए राहुल सिंहए हनुमान यादवए राजेंद्र भारतीयाए मनीष भारतीयाए कुलदीपए पिंटू भारतीया सहित आदि भक्तजन हवन कुंड में आहुतियां डालकर पुण्य के भागी बने एवं माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते आयोजन में मौजूद रहे।

सहसों में रतन टाटा को दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

सहसों/प्रयागराज। उद्योग जगत में जाने.माने उद्योगपति एवं भारत के रतन कहे जाने वाले रतन टाटा के निधन पर सहसों के व्यापारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपसथित व्यापारियों ने कहा कि रतन टाटा जीरो से हीरो की राह पर चलकर देश के लिए जीवन भर शोध करते हुए देश की जनता के आवश्यकता अनुसार तरह.तरह के आधुनिक कलपुर्जों का निर्माण कर देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। ऐसे महान एवं पुण्य आत्मा को पूरा देश सदैव याद करता रहेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में विनीत शुक्ला, सोहनलाल केसरवानी, मनीष सिंह, राहुल सिंह, शशांक धर द्विवेदी, अनुज कुमार मिश्रा, वीरेंद्र कुमार सिंह, कृष्णाकांत पुरी, दिनेश शर्मा, रमेश पाल, राजेश मौर्य, जमुना प्रसाद मौर्य आदि रहे।

राजकीय बाल, बालिका, सुधारगृह प्रयागराज में हुआ अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस कब और क्यों मनाया जाता है के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि लड़कियां आज लड़कों से एक कदम आगे हैंए लेकिन आज भी वह भेदभाव की शिकार हैं और इसी भेदभाव को मिटाने के लिए और उनकी सुरक्षा के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम ष्गर्ल्स विजन फ़ॉर द फ्यूचर अर्थात भविष्य के लिए बालिकाओं का दृष्टिकोणश् है। जो कि लड़कियों की आवाज की शक्ति और भविष्य के लिए दृष्टि से प्रेरित तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता और सतत आशाए दोनों को व्यक्त करता है।भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारोंए महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों के अंतर्गत महिलाओं को दिए गए अधिकारोंए पी सी पी एन डी टीए पॉशए पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की।अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव विधिक सेवा प्राधिकरणए प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम जी ने बताया कि इस खास दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं यानी नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना हैए ताकि वे भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। देश एवं दुनिया में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की विशेष प्रासंगिकता है। लड़कियों को शिक्षित और सशक्त करना न केवल उनके लिए उपयुक्त है बल्कि यह उनके परिवारोंए समुदायों और पूरे समाज पर सकारात्मक प्रभाव भी डालता है।राजकीय बाल;बालिकाद्धसुधार गृहए प्रयागराज प्रभारी नीतू यादवए सदस्य किशोर न्याय बोर्डए कौशाम्बी ममता कश्यपए सदस्य बाल कल्याण समिति कौशाम्बी विन्देश्वरी प्रसाद जी ने विषय के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात रखी।राजकीय बाल ;बालिकाद्ध सुधार गृह की संवासिनियों ने गीतए नृत्य और स्पीच के जरिए मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कर्मचारियों बौर संवासिनियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नरेन्द्र दिवाकर ने किया ममता देवी ने अतिथियों का आभार जताया।

फाल्ट ठीक करने गया बिजली संविदा कर्मी करेंट की चपेट में आने से झुलसा, हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

मेजा/प्रयागराज। फाल्ट ठीक करने गया एक प्राइवेट बिजली कर्मचारी अचानक करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। बताया जा रहा है कि काम करने के लिए शटडाउन लिया गया थाए लेकिन तार में अचानक करंट आ गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गया। घायल लाइन मैन कर्मी को ग्रामीणों द्वारा सीएससी रामनगर ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसारअतरैला मेजा निवासी अतुल भारतीया पुत्र विकरमा भारतीया शुक्रवार को सोनाई गांव में काम करने के लिए औता पावर हाउस से शटडाउन लेकर गया था। लेकिन जैसे ही प्राइवेट लाइनमैन फाल्ट ठीक कर नीचे उतर रहा था तभी अचानक करंट आ गया। जिसके चलते लाइनमैन झुलस गया। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। लाइन बंद कराने के बाद लाइनमैन को उतारकर अन्य कर्मचारियों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है बिजली पावर हाउस के लाइनमैन की लापरवाही से यह हादसा हुआ है जिसके चलते अतुल बुरी तरह झुलस कर घायल हुआ है।

मानस रामलीला में अंगद रावण संवाद लक्ष्मण शक्ति का मंचन हुआ

अखंड भारत संदेश

नैनी/प्रयागराज। नैनी मानस रामलीला समिति द्वारा अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा रामेश्वरम शिवलिंग स्थापना से अंगदए रावण संवादए लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया। रामलीला मैदान में उपस्थित रामभक्तों ने बार बार कलाकारों का उत्साह वर्धन भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद के पूर्व प्रत्यासी योगेश शुक्लाए करछना के विधायक पीयूष रंजन निषाद रहें। मंचन के दौरान मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंहए संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव पार्षदए अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू महामंत्री नयन कुमार कुशवाहाए उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्माए कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारीए संरक्षक सुभाष केसरवानी राकेश श्रीवास्तवए पीर मोहमद अजहरए सत्य गोपाल यादवए लालमणि यादवए शिव शंकर दीक्षितए आशीष राय रोहित शुक्लाए अमित पांडेए जीतेंद्र दीक्षितए सूरज यादवए सदाशिव दीक्षितए राजकुमार कुशवाहाए मारुति नंदन तिवारीए संजय श्रीवास्तवए सुधीर प्रजापति नंदू भाई आजाद आदि रहें।

परंपरागत पर्व के आयोजनों से आने वाली नई पीढ़ियों को मिलेगी सनातन धर्म की प्रेरणा ः कमलेश सोनी

मेजा ऊर्जा निगम में मां शक्ति पूजा पंडाल एवं नवनिर्मित सृजन मंडप में मां दुर्गा की अलौकिक मूर्ति स्थापित कर धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में संचालित हुआ नवरात्रि का परंपरागत पर्व .

अखंड भारत संदेश

मेजा/प्रयागराज। मेजा ऊर्जा निगम में दुर्गा पूजा और नवरात्रि पर्व के उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान नवरात्रि के पहले दिन नवनिर्मित माँ शक्ति पूजा पंडाल का उद्घाटन अपराजिता महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती अनु सोनी ने किया। इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनीए सभी महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

उत्सव की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा अर्चना से हुई। प्रथम दिन नवरात्रि और दशहरा थीम पर विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद महिलाओं और युवतियों ने पूरे उत्साह के साथ कलश साज सज्जा प्रतियोगिता में भाग लियाए जिसका मूल्यांकन अपराजिता महिला समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। दूसरे दिन का शुभारंभ मंदिर परिसर में नव निर्मित सृजन मंडप के उद्घाटन से हुआए जिसका उद्घाटन श्रीमती अनु सोनी ने सीईओ कमलेश सोनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उत्सव की रौनक बढ़ाते हुए महिलाओं ने भव्य डांडिया नृत्य प्रस्तुत कियाए अपराजिता महिला समाज की सदस्यों ने मनोहारी धुनुची नृत्य सराहनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने शंख वादन व भजन गायन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस बीच मां के भक्तों ने नियमित रूप से माँ दुर्गा के चरणों में आरती और पुष्पांजलि अर्पित किया जो अनुभवी पुजारियों की देखरेख में चल रहे पारंपरिक अनुष्ठानों के अनुसार की गई। कार्यक्रम में उपस्थित निगम के अधिकारियों कर्मचारियों तथा मां के श्रद्धालु भक्तों का आभार जताते हुए सीईओ कमलेश सोनी ने कहा कि परंपरागत पर्व के आयोजनों से आने वाली पीढ़ियों को सनातन धर्म की प्रेरणा मिलेगी।

सपा छात्रसभा ने फूंका सीएम का पुतला

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन के बाहर शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रतीकात्मक पुतला जलाया कार्यकर्ता सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जेपी कन्वेंशन सेंटर जाने से रोकने पर आक्रोशित हैं। इसके खिलाफ कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका।पुतला जलने लगा तो पुलिसकर्मी रोकने का प्रयास करने लगे लेकिन तब तक आधा पुतला जल चुका था। कार्यकर्ता और पुलिस जवानों के बीच हल्की झड़प भी हुई। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय यादव सम्राट के अगुवाई में सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। उन्होंने कहा की योगी सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। हम लोग लगातार इसका विरोध करते रहेंगे।अजय सम्राट ने कहा की वर्तमान में देश और प्रदेश की ऐसी हालत बस से बत्तर हो चुकी है कि संपूर्ण क्रांति के नायक जयप्रकाश नारायण जी के पद चिन्हों पर चलकर पूरे देश में क्रांति का आगाज काम किया जाएगा इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश गुप्ता गुड्डू इकाई अध्यक्ष गौरव गोंडए इकाई महासचिव आशुतोष मौर्याए हरेंद्र यादवए सत्येंद्र गंगवारए नवनीत यादव शिवबलीएप्रियांशु विद्रोहीए अनूपए विकाशए राहुल प्रियांशु यादवए सुधीर क्रन्तिकारीए आर्यन अजीतए अंगद निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

खखैचा में कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

जंघई/प्रयागराज। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व महानवमी के अवसर पर क्षेत्र के खखैचा ग्राम में विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी प्रखण्ड प्रतापपुर के द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला गंगापार वेद एवं संस्कृत प्रमुख तथा श्रीबङ्कांग आश्रम देवली प्रतापपुर गुरुकुल के संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक की सहधर्मिणी ज्योति रमा द्विवेदी ने कन्याओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन करके मिष्ठान फल आदि का भोग अर्पण किया तथा देवी स्वरूप कन्याओं को खिलौने श्रृंगार सामग्री दक्षिणा देकर परिक्रमा करते हुए जयघोष के साथ विदा किया। इस अवसर पर मातृ शक्तियों में फूल कुमारी द्विवेदी, विमला शुक्ला, सावित्री मिश्रा, रेखा द्विवेदी, बेटू मिश्रा, तनु सिंह, तथा बजरंगदल सहसंयोजक प्रखण्ड प्रतापपुर आलोक द्विवेदी बच्चन, अभिनव द्विवेदी डीएम, यज्ञदत्त दुबे, शिवदत्त द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, विष्णुदत्त द्विवेदी, देवदत्त द्विवेदी, गोरेलाल मिश्र, विपुल शुक्ल, लल्ला शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

मेजारोड का भव्य एवं ऐतिहासिक दशहरा पर्व आज

अखंड भारत संदेश

मेजा/प्रयागराज। व्यापार मंडल के संरक्षक ई नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक दशहरा का पर्व शनिवार को मेजारोड चौराहे पर भव्य तरीके से संपन्न होगा। उक्त आशय की जानकारी की जानकारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय एवं समाजसेवक सिद्धांत तिवारी ने साझा करते हुए दिया। उन्होंने बताया कि मेजारोड बाजार में परंपरागत मनाया जाने वाला ऐतिहासिक दशहरा पर्व में विशाल काय रावण का पुतला क्षेत्र के अनुभवी कारीगरों से तैयार कराया गया है जिसे देखने के लिए दूर दराज के लोगों की भारी भीड़ रहती है। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों को दशहरे के दौरान श्रीराम और रावण के महायुद्ध को देखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है।

श्रीराम शक्तिपूजा का मंचन है यादगार और प्रेरणाश्रोत प्रस्तुति : कमलेश सोनी

अखंड भारत संदेश

मेजा ऊर्जा निगम परिसर में रूपावणी संस्थान वाराणसी द्वारा श्रीराम शक्तिपूजा का हुआ भव्य एवं मनोहारी मंचन .

मेजा/प्रयागराज। मेजा ऊर्जा निगम राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में बुधवार को रूपवाणी संस्थान वाराणसी द्वारा श्रीराम की शक्तिपूजा का भव्य एवं अलौकिक मंचन किया गया। इस दौरान प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की अमर कृति श्रीराम की शक्तिपूजा पर केंद्रित यह नृत्य नाटिका रूपवाणी की 113 वीं प्रस्तुति थी। देश और दुनिया के विभिन्न भागों में इस प्रस्तुति की भरपूर सराहना होती रही है। राम रावण के अपराजेय युद्ध की पृष्ठभूमि में रची गई निराला की इस कविता में सीता की मुक्ति का प्रसंग मर्मस्पर्शी नाटकीयता के साथ मौजूद है। शक्ति और न्याय के साथ होने के संकल्प को सच करती यह नृत्य नाटिका प्रकाश और ध्वनि के रचनात्मक संयोजन से अद्भुत दृश्य उत्पन्न करती है। कार्यक्रम की सफलता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि नाटिका के समापन के बाद दर्शक समूह खड़ा होकर देर तक कलाकारों के सम्मान में तालियों की गड़गड़ाहट से अभिवादन करते रहे।

इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक यादगार और शिक्षाप्रद प्रस्तुति थी। ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था की प्रशंसा करते हुये उन्होने इस नाटिका के चयन समिति की जहां भूरि.भूरि सराहना की। वहीं कार्यक्रम को अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनु सोनी ने इस प्रस्तुति को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। रूपवाणी के निर्देशक व्योमेश शुक्ल ने सबका आभार प्रकट करते हुये मेजा ऊर्जा निगम परिवार के संस्कृति प्रेम की सराहना की। इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों सहित सृजन विहार टाउनशिप के नगरवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

तेरी अंगुली पकड़ के चलाए ओ मां मैं तेरा लाडला

अखंड भारत संदेश

जंघई/प्रयागराज। नव दुर्गा पूजा समिति चनेथू दुर्गा पंडाल में गुरुवार रात्रि मे अंतरराष्ट्रीय कलाकार तिवारी बंधु प्रयागराज एवं उनकी टीम द्वारा विशाल भगवती जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आरती प्रसाद वितरण करने के पश्चात जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम आयोजक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा तिवारी बंधु सुजीत तिवारीए मंजीत तिवारी का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदनाए देवीए पचरा द्वारा किया गया और एक से बढ़कर गीत तिवारी बंधुओं द्वारा प्रस्तुत किया गया उपस्थित श्रोतागण मंत्र.मुग्ध होकर नाचने लगे। बम बम बोल रहा है काशीए नीमियां की डार मैंया झूलेला झूलनवाए तेरी अंगुली पकड़ कर चला मां मैं तेरा लाडलाए हम कथा सुनाते रामसकलए सजा दो घर को गुलशन साए हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में सहित दर्जनों सुप्रसिद्ध विभिन्न भक्ति गीतों पचराए भजन की प्रस्तुति देकर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर पूजन अर्चन आरती में आचार्य धरणीधर शुक्लाए प्रेमचंद्र शुक्लाए देशनाथ शुक्लाए सूर्यमणि शुक्लाए मिथिला शंकर शुक्लाए देशनाथ शुक्लाए प्रकाश शुक्लाए कृष्ण मोहन शुक्लाए राजेंद्र शुक्ला आपरेटरए कपिल शुक्लाए सुरेश शुक्लाए मास्टर शुक्लाए भीम शुक्लाए शिवसागर शुक्लाए हरिश्चंद्र शुक्लाए राजेश मिश्राए भरत ओझाए राज शुक्लाए डिंपल शुक्लाए अजय शुक्लाए रवि शुक्लाए संदीप शुक्लाए आशुतोष शुक्लाए गौरव शुक्लाए महेश त्रिपाठीए अभिषेक मिश्राए अविनाश मिश्राए अनुराग शुक्लाए आदर्श शुक्लाए सूरज शुक्लाए शिवा शुक्लाए आयुष शुक्लाए अंश शुक्लाए अतुल मिश्राए अंबुज शुक्लाए दयानाथ मौर्यए अतुल पंडितए सूरजए अंशए विवेकए शिवा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कुटरचित योजना से मायाबी रावण ने सीता का किया हरण, भक्त गण द्रवित

अखंड भारत संदेश

करछना/प्रयागराज। श्री राम रामलीला समिति भडे़वरा के कलाकारों की ओर से खेली जा रही दस दिवसीय रामलीला मंचन के आठवें दिन साथ सीता हरण नामक रामलीला का मंचन किया गया। जिसको देख दर्शक लोग द्रवित हो गए। सीता हरण मंचन से पूर्व पंचवटी में निवास कर रहे सीता सहित राम लक्ष्मण को देखकर रावण की भगिनी सूपर्णखा मोहित हो गई इतने में क्रोधित लक्ष्मण ने सूपर्णखा के नाक. कान दोनों काट दिए । कटी नकटी के भेष में सूपर्णखा खर दूषण व त्रिसिरा नामक राक्षस से आपबीती बताई । और श्रीराम से युद्ध करते हुये स्वर्ग सिधार गए। सूपर्णखा ने इसकी जानकारी भाई रावण को दी। क्रोधित रावण ने सीता को हरने का संकल्प लेते ही मामा मारीच के पास गया । और मायावी सोने का हिरन बनने के लिए कहा। मायावी राम की कुटिया से गुजरा तो माताजी ने श्रीराम से इसकी छाल की मांग की । और उन्होंने हिरण का पीछा किया । इतने में । और लक्ष्मण रेखा पार कर भिक्षा प्रदान करने आई तो मायावी रावण सीता को लेकर भाग निकला। जिसको देखकर लोग द्रवित हो गए। रामलीला समिति के अध्यक्ष राम बहादुर ओझाए प्रबंधक प्रभंजन शर्मा व डायरेक्टर राम मनोहर लोहिया की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर उमाकांत पांडेयए गोरेलाल शुभम तिवारीए कपिल तिवारीए कौशलेश शर्माए श्रीकांत पांडेयए सुशील कुमार ओझाए सुशील शर्माए रिंकू शर्माए धर्मेंद्र शर्माए रमेश शर्माए विष्णु शर्माए विकास पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक ने गोली मारकर की आत्महत्या, भाई की मौत के बाद चल रहे थे परेशान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पुरामुफ्ती इलाके में सेवानिवृत्त फौजी ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुरामुफ्ती निवासी संदीप पांडेय ;38द्ध फौज से रिटायर हुए थे। वह घर पर ही रह हे थे। परिवार में पत्नी के अलावा एक तीन साल का बेटा है। शुक्रवार को उन्होंने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो खून से लथपथ होकर पड़े थे। शोरगुल मचाने पर आसपास के लोग जुट गए।

श्रम बोर्ड की बैठक, मालिकाना हक की उम्मीद बढ़ी

अखंड भारत संदेश

नैनी/प्रयागराज। प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिक कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक दिए जाने के लिए आगामी 15 अक्टूबर को श्रम बोर्ड की बैठक बुलाई है। इससे श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि श्रमिक बस्ती के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर पिछले 1 वर्ष से समिति के द्वारा श्रमिक बस्तीए नैनी में आंदोलन चलाया जा रहा है। श्रमिक बस्ती के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जानेए राजकीय श्रम अधिकारी केंद्रए श्रमिक बस्ती से पीएसी का कब्जा हटाने के बारे में श्रमिक बस्ती समिति के मीडिया प्रभारी विनीत कुमार द्विवेदी ने पिछले दिनों समिति की ओर से मुख्यमंत्री के फूलपुर आगमन पर उन्हें मालिकाना हक संबंधी मांग पत्र दिया था।

जो जहां है, जैसा है, के समान आधार पर दिया जाएगा मालिकाना अधिकार

श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा है कि श्रमिक बस्ती के निवासियों द्वारा पिछले 1 वर्ष से चलाए जा रहे आंदोलन के अब सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। श्रम बोर्ड की बैठक बुलाए जाने से मालिकाना अधिकार मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

बताया जाता है कि इस संबंध में कानपुर गोविंद नगर से भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर से श्रमिक कॉलोनी के कमरों को टोकन मनी लेकर मालिकाना हक दिए जाने की मांग की थी। श्रम मंत्री ने इस संबंध में विधायक जी को बताया कि आगामी 15 अक्टूबर को श्रम बोर्ड की बैठक आहूत की गई है। जिसमें प्रदेश के 30ए000 से भी अधिक श्रमिक कॉलोनी के आवासों का मालिकाना हक स्वामित्व दिए जाने पर चर्चा होगी। विधायक एवं श्रम परामर्श बोर्ड के सदस्य सुरेंद्र मैथानी ने श्रम मंत्री से कहा है कि इन कॉलोनियों में दशकों से निवास कर रहे श्रमिक परिवारों कोए जो जहां हैए जैसा हैए जितनी जिसके पास जगह है।

उसको समान आधार बनाकर टोकर मनी लेकर मालिकाना हक दे दिया जाएए ताकि वे सुरक्षित रह सकें।श्रमिक बस्ती समिति के संरक्षकए स्वदेशी कॉटन मिल मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री राजकुमार त्रिपाठीए अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद व अन्य पदाधिकारियों अमर चंद शर्माए एसबी सिंहए नंदकिशोर मिश्रए भूपेंद्र रायए विनीत कुमार दुबेए अजमत हुसैनए शिशु त्रिपाठीए राघवेंद्र सिंह गवर्नरए सभाजीत यादवए जगबरन सिंहए संतुष्टम शुक्लाए सत्येंद्र यादवए लक्ष्मी नारायण गोपाल जी आदि ने प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर द्वारा श्रम बोर्ड की बैठक बुलाई जाने पर आभार व्यक्त करते हुए मलिकाना अधिकार दिए जाने के प्रति विश्वास व्यक्त किया है।

भाई की मौत के बाद से थे परेशान

परिवार के लोगों के मुताबिक संदीप के छोटे भाई की मौत करीब डेढ़ साल पहले डेंगू के चलते हो गई थी। इसके बाद से वह सदमे में चले गए थे। भाई की मौत के बाद से वह परेशान रहने लगे थे। माना जा रहा है कि इसी के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया है।

मत्स्य पालन शिविर में लाभार्थियों ने प्रस्तुत किये आवेदन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील सभागार में मत्स्य पालन के लिए आवंटन शिविर में तीस लाभार्थियो ने अपने आवेदन जमा किये। आवंटन प्रक्रिया के तहत कुल उन्चास हजार पांच सौ पचास रूपये की धनराशि भी लाभार्थियों से जमा हुई। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार की अध्यक्षता में हुए शिविर में लाभार्थियों की भारी भीड़ देखी गयी। प्रभारी तहसीलदार ने मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने की सरकारी नीतियों से भी लाभार्थियों को अवगत कराया। मत्स्य निरीक्षक कमलेश कुमार ने आवंटन में पात्रता की प्रक्रिया की जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार त्रिपाठी व राजस्व निरीक्षक पवन कुमार तथा नायब नाजिर राकेश सिंह भी मौजूद रहे।

डीएम ने अधिशासी अभियन्ता को लगायी फटकार, दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि

अखंड भारत संदेश

डीएम ने कार्यो व परियोजनाओं के प्रगति की किया समीक्षा

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो व परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें आईटीआई जरियारी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसे हैण्डओवर करने का निर्देश दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़ में बाउण्ड्री कार्य अवशेष है जिसे अक्टूबर माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आवासीय एवं अनावसीय भवनों लीलापुर, दिलीपपुर, देल्हूपुर के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी। आईटीआई पट्टी, पुलिस चैकी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण आदि की समीक्षा की गयी एवं निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो की प्रगति में तेजी लायी जाए। लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य को कराया गया है उनका भुगतान नही किया गया है जिस पर निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता ब्रजमोहन सिंह से जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नही दी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ-साथ शासन स्तर पर सूचना भेजने के निर्देश दिये गये। विकास भवन में आयोजित बैठक में जाते समय जिलाधिकारी ने देखा कि निर्माण खण्ड-2 द्वारा गड्ढामुक्ति का कार्य कराया जा रहा था जो मानक के अनुरूप नही पाया, इस प्रकरण पर बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि गड्ढामुक्ति का कार्य तत्काल मौके पर जाकर अपनी निगरानी में गुणवत्तायुक्त कार्य कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रामभद्राचार्य पर शोशल मीडिया पर टिप्पणी करना पड़ा महंगा

अखंड भारत संदेश

एसपी के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पट्टी, प्रतापगढ़। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर शोसल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करना दो सपा नेता सहित पांच लोगों को महंगा पड़ गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पट्टी पुलिस ने सभी के ऊपर आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि 18 अक्टूबर से पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव में तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य की कथा आयोजित की गई है जिसकी तैयारी दो महीने से चल रही है। आठ अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के नेता पप्पू यादव की फेसबुक एकाउंट पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए रामभद्राचार्य पर अभद्र टिप्पणी की गई। जिस पर अन्य लोगों ने रामभद्राचार्य के खिलाफ तरह तरह के अभद्र टिप्पणी की थी। नौ अक्टूबर को अभद्र टिप्पणी का मामला शोसल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे रामभद्राचार्य के समर्थकों मे आक्रोश व्याप्त हो गया। इस मामले में कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी अतुल तिवारी ने पट्टी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। जिस पर पट्टी पुलिस ने रामकोला गांव निवासी पप्पू यादव ,लबेदा गांव के रमा शंकर यादव, बिरौती गोदाम गांव के विपिन सरोज, चंद्रभान यादव,व राजा सक्षम सिंह योगी के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

समस्याओं को लेकर डिप्टी कमिश्नर से मिला व्यापार मण्डल

वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में प्रांतीय उपाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, ज़िला महामंत्री संजय सोनी, संगठन मंत्री अशोक कुमार केसरवानी व अरविन्द जैन, जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल आदि अन्य पदाधिकारियों ने वाणिज्य कर विभाग डिप्टी कमिश्नर राम भवन से मुलाकात की।

इस दौरान व्यापारी हित के लिये चर्चा की जिसमें वाणिज्य कर विभाग को जनपद शहर मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर गोंड़े गांव के अंदर दो रेलवे फाटकों को पार कर सुनसान इलाकों में ले जाने, वर्ष 2017-2018 चालान का शुल्क व्यापारी के खाते से सीधे कट जाने, व्यवसायियों द्वारा वाणिज्य कर विभाग में दाखिल नक्शा के विलम्बन शुल्क व पेनल्टी पच्चास हज़ार तक लगने, वाणिज्य कर विभाग द्वारा मिसलेनियस गलतियों के सम्बन्ध में, 40 लाख से कम टर्नोवर वाले छोटे व्यापारियों को 5 लाख दुर्घटना बीमा दिए जाने के संदर्भ में चर्चा की गई। इस पर वाणिज्य कर अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग के लिए आवंटित भूमि शासन द्वारा प्रस्तुत की गई है इसके लिए व्यापार मंडल शासन स्तर पर अथवा जिलाधिकारी से वार्ता करें तथा अन्य विभागीय और पोर्टल संबंधी कमियों को दूर करने के लिए व्यापार मंडल को आश्वस्त किया एवं नक्शा दाखिल विलम्बन शुल्क व पेनल्टी से बचाव हेतु सभी से समयावधि के अन्दर नक्शा दाखिल करने की अपील की।

जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लेने से युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के जलेसरगंज धारूपुर निवासी छेदी के पुत्र तारिक 35 ने पांच दिन पहले घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगडने पर उसे परिजनों ने प्रयागराज एसआरएन में भर्ती करवाया था। इलाज के दौरान गुरूवार की शाम युवक की मौत हो गयी। देर रात शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शुक्रवार को मृतक का गांव के समीप कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। युवक के जहरीला पदार्थ निगलने को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा देखी सुनी गयी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव को हाउस अरेस्ट करने पर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

लोकनायक जय प्रकाश नारायण की मनाई जयंती

अम्बेडकर चैराहे पर विरोध प्रदर्शन करते सपाई।

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर समाजवादी पार्टी के कहे जाने वाले लोकनायक के नाम से प्रसिद्ध जय प्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने कहा कि त्याग एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। राष्ट्र सेवा में उनका योगदान वंदनीय है। संपूर्ण क्रांति आंदोलन के पुरोधा ने देश के लोकतंत्र की हत्या करने वाले अन्यायी शासन के विरुद्ध जब हुंकार भरी तो उन्होंने ऐसा जन समर्थन मिला जिसने सत्तारुढ सिंहासन को पलट दिया।

जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने बताया कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हाउस अरेस्ट कर लिया गया और उन्होंने बताया कि जेपीएनआईसी जो समाजवादी पार्टी द्वारा बनवाया गया था वहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जय प्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने से मना कर दिया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जावेद खान के नेतृत्व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अंबेडकर चैराहे पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया और बताया कि यह सरकार अपना तो त्योहार मनाना चाहती है परंतु समाजवादी पार्टी को त्योहार नहीं मनाने देना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की विफलता, और समाजवादी पार्टी से डरी है इसलिए वह समाजवादी को हर जगह रोकने का कार्य करती है। मौजूदा सरकार अत्याचारी है। इस मौके पर अनिल यादव, अश्वनी सोनी, पंडित करोड़ीमल शर्मा, साजिद अली, राजू यादव, मनीष पाल, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, शिवम सिंह, डॉक्टर एजाज अहमद अल्वी, विनोद यादव, हरि शुक्ला, संतोष यादव, बबलू पठान, अनम सिद्दीकी, मानवेंद्र पटेल, विकास यादव, राम अवध काका, महेश मौर्या, विपिन सरोज, सलमान, सुरेश फौजी मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

बेलखरनाथ धाम में शिव भक्त ने चांदी का बर्तन किया दान

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़ सच्चे मन से मांगी गई मन्नत जरुर पूरी होती है।इसी विश्वास के साथ एक दाम्पत्य ने चांदी के पात्र दान किया है। गुरुवार को बाबा बेलखरनाथ धाम में अजीत सिंह व उनकी पत्नी बंदना सिंह निवासी जयसिंहगढ़,मामा रणजीत सिंह, प्रियंका सिंह निवासी इसीपुर ढेकाही ने बाबा के पुजारी बद्री प्रसाद गिरी को चांदी का पात्र जिसमें चम्मच आचमन, तस्तरी, गिलास लगभग 230 ग्राम चांदी दान किया है। दिल्ली में रहने वाले दाम्पत्य ने देवाधिदेव महादेव का दर्शन पूजन कर आशिर्वाद लिया।विश्वनाथ गिरी ने भक्त के प्रति आभार प्रकट किया।

दुर्गा पाण्डालों में कन्या पूजन की रही धूम, देर शाम हुआ हवन पूजन

अखंड भारत संदेश

कन्या का पूजन अर्चन करतीं अवकाश प्राप्त शिक्षिका कंचन मिश्रा व डॉ अनुराग मिश्रा।

प्रतापगढ़। पूरे नवरात्र में घरो व मन्दिरों में माता रानी के जयकारों से पूरा शहर गूजता रहा। इसी बीच आज अष्टमी व नवमी को देवी पाण्डालों में कन्या पूजन के लिये विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित डा0 अनुराग मिश्र की क्लीनिक पर स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के सामने आज कन्याओं का पैर धोकर पूजन अर्चन अवकाश प्राप्त शिक्षिका कंचन मिश्रा कर रही थी।

उनका सहयोग डॉ अनुराग मिश्र व रीता सिंह सेंगर कर रही हैं। सभी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन अर्चन के बाद उन्हें दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस दुर्गा पूजा पण्डाल में पूजन आरती कार्यक्रम नियमित रुप से होता रहा जिसमें पं0 वैद्यनाथ मिश्र, अतुल पाण्डेय, भोला मिश्रा, देवेन्द्र सिंह के अलावा बड़ी संख्या में बड़ी सख्या में लोग पूजन आरती में शामिल होते रहे। इसी मोहल्ले में दो दुर्गा पण्डालों भंगवा चुंगी व टक्करगंज के अलावा ठठेरी बाजार, अजीत नगर व चिलबिला में मां दुर्गा के बड़े बड़े पाण्डालों में माता रानी की पूजा अर्चना की गई। देर शाम तक सभी दुर्गा पाण्डालों व घरों में हवन किया गया।

भोज में समाजसेवी ने हाथों से कन्याओं को खिलाया भोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजसेवी और दिया इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर अनुज शुक्ला ने महाअष्टमी पर कन्याओं को अपने हाथों से भोजन कराया। वे हाथों से कौर बनाकर माता स्वरूप कन्याओं के मुंह में डाल रहे थे। कन्याएं बड़े ही चाव और सम्मान भाव से उनके हाथों से पूड़ी और सब्जी का भोग खा रही थी। ऐसा बहुत ही कम देखने को मिलता है। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के द्वारा भंगवा में देर शाम आयोजित कन्या भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम में यह सब देखने को मिला। मुख्य यजमान समाजसेवी अनुज शुक्ला ने कन्याओं को भोज कराया। यथोचित दान दक्षिणा देकर उनका पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भजन भी गाया।कार्यक्रम की संयोजिका दामिनी की देखरेख में छात्राओं ने डांडिया नृत्य भी प्रस्तुत किया। संचालन शनि सरोज ने किया। इस मौके पर लाजु, साहिबा, रागिनी, नैंसी, प्रिया, महक, राधिका, अंशु और अंतिमा समेत कई छात्राओं ने माता का भजन प्रस्तुत किया।

दुष्कर्म पीड़िता का सात घंटे मानमनौवल के बाद हुआ अंतिम संस्कार

सीओ ने कार्रवाई का दिलाया परिजनों को भरोसा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। दुष्कर्म पीड़िता की मौत को लेकर शुक्रवार को लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सात घंटे तक तनाव का माहौल दिखा। पुलिस उपाधीक्षक के आश्वासन के बाद परिजन किसी तरह अंतिम संस्कार को राजी हुए। सीओ के घटना में शामिल अन्य दोषियों के विरूद्ध भी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई किये जाने के आश्वासन के बाद परिजनों ने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर सई किनारे मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। तब कहीं जाकर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं आरोपित के घर ताला बंद देखा गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती छः अक्टूबर को दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना आरोपी ने अंजाम दी। पीडिता के बीचबचाव को लेकर आरोपी द्वारा उसे गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया गया था। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। इधर पीडिता को चोट अधिक लगने से उसकी हालत बिगड़ गयी। गंभीर दशा में जिला अस्पताल में इलाज के बाद पीडिता को प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। गुरूवार की शाम दुष्कर्म पीडिता की इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गयी। पीएम के बाद शुक्रवार की सुबह छः बजे मृतका का शव उसके घर पहुंचा। शव पहुंचने पर परिजन विलाप करने लगे। परिजनों ने घटना में शामिल आरोपी का घर बुल्डोजर से गिराए जाने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से मना कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर लीलापुर प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह के साथ मृतका के घर पहुंचे। वहां मृतका के पिता व परिजनों ने आरोपी देवली निवासी कैलाश गुप्ता पुत्र नान्हें का घर बुल्डोजर से गिराने की मांग करने लगे। परिजनों ने मौके पर डीएम एसपी को भी बुलाने की मांग उठाई। इस पर सीओ रामसूरत सोनकर ने मुकदमें में निष्पक्ष जांच कर साक्ष्य मिलने पर सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सीओ के काफी समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने दोपहर बाद मृतका का अंतिम संस्कार किया। बतादें किशोरी के साथ दुष्कर्म की इस घटना के आरोपी कैलाश गुप्ता को लीलापुर पुलिस ने दूसरे ही दिन धर दबोचा था। पुलिस मुठभेड़ में आरोपी कैलाश को पैर में गोली भी लग गयी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

तमिल ग्रंथ के श्रेष्ठ अवधी अनुवाद के लिये डॉ रत्न का हुआ सम्मान

सात दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करके बढ़ाया जिले का गौरव

अखंड भारत संदेश

साहित्यकारों को सम्मानित करते अतिथिगण।

प्रतापगढ़। भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित व तमिलनाडु सरकार द्वारा संरक्षित स्वायत्तशासी संस्थान केन्द्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान चेन्नई द्वारा आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषाओं में तिरुक्कुरल अनुवाद-राष्ट्रीय कार्यशाला में सशक्त प्रतिभाग करके बेल्हा के साहित्यकारों डॉ. दयाराम मौर्य रत्न व रामलखन प्रजापति प्रतापगढ़ी ने बेल्हा का गौरव बढ़ाया है।

तमिल ग्रंथ शिलप्पधिकारम व तिरुक्कुरल के श्रेष्ठ अवधी लिप्यंतरण, भाषांतरण व भावांतरण पर संस्थान के निदेशक प्रो. आर. चन्द्रसेकरन, रजिस्ट्रार डॉ. भुवनेश्वरी, डॉ. एम. गोविन्दराजन व डॉ. एस. राजा गोपालन ने दोनों को सम्मान पत्र, संत तिरुवल्लुवर की मूर्ति व अन्य उपहार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रांतों के भिन्न-भिन्न भाषाओं के 25 जानकार प्रतिभागी रहे। सभी को दो दिन भाषा भ्रमण पर संस्थान द्वारा ले जाया गया। तमिलनाडु के प्राचीन पुरातात्विक महत्व के स्थलों को दिखाने के साथ संस्कृति और लोकजीवन से भी परिचित कराया गया। इस उपलब्धि पर बेल्हा के प्रबुद्धजनों अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, कुंजबिहारी लाल मौर्या काकाश्री, अनिल कुमार निलय, राकेश कनौजिया ने हर्ष प्रकट किया और दोनों साहित्यकारों को बधाई दी।

18 को रामपुर खागल में लगेगा संतों का जमावड़ा

कार्यक्रम में सीएम के अलावा कई मंत्री व सांसद करेंगे शिरकत

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले की पट्टी तहसील के रामपुर खागल गांव में 18 अक्टूबर से होने वाले श्रीमद् भागवत कथा एवं स्मृति महोत्सव में संतो के साथ-साथ मुख्यमंत्री ,मंत्री, सांसद ,विधायक, भजन सम्राट भोजपुरी व फिल्मों के स्टार के अलावा कवियों का जमावड़ा होगा।जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है।

बता दें कि पद्मश्री से सम्मानित जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी के शिष्य आचार्य राम चंद्र दास के घर पर 18 से 24 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है।सात दिनों तक चलने वाली कथा को अपने मुखारबिंद से श्री रामभद्राचार्य ही कहेंगे।जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण संस्कार चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ, संत नित्य गोपाल दास, गुरु शरणानंद, वासुदेवानंद सरस्वती, बाबा रामदेव, चिदानंद, स्वामी ज्ञानानंद योगेश्वर दास, बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, अखिलेश्वर दास के अलावा भोजपुरी के फिल्मी सितारे व भजन गायक मनोज तिवारी, पवन सिंह, अक्षरा सिंह, कन्हैया मित्तल, फिल्म स्टार आशुतोष राणा तथा कवि सुनील जोगी, अंबिका जैन अम्बर, शंभू शिखर, खनिज देव चैहान, कमल अग्येन, दिव्या दुबे, राम भदावर इसके लिए जगह जगह बड़े बड़े होडिंग लगाएं गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन पहले जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया था।जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने आम जनमानस से अपील की है कि कथा में शामिल होकर कथा का रसपान करें।

आतिशबाज के घर में हुआ विस्फोट, एक की मौत, दो घायल

प्रतापगढ़। आतिशबाज के घर में अचानक विस्फोट होने से एक अधेड़ की मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। इलाज के लिये उन्हें मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया गया। बता दें कि जिरियामऊ में आतिशबाज के घर में दीवाली के लिये पटाखा व बारुद रखा गया था। शार्ट सर्किट से पटाखा में आग लग गई। आग लगने पर बगल में कमरे में लगा सिलेण्डर भी आग की चपेट में आने से फट गया। इससे तीन मंजिला घर में जोरदार धमाका हुआ। इसकी चपेट में आने से हवाईदार मुख्तार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी बेटी व बहू गंभीर रुप से घायल हो गई। इलाज के लिये उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया गया। उधर हवाईदार की मौत को लेकर प्रशासन एलर्ट हो गया। शुक्रवार को पुलिस ने आतिशबाजों के घर व गोदाम पर छापा मारा।

पत्नी के अपहरण व गाली-गलौज को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रोजी रोटी के सिलसिले में विदेश गए पीडित की पत्नी को आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीडित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ शिकायत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपरहण समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के हरजू का पुरवा पूरे नोती निवासी स्वर्गीय रज्जब अली के पुत्र मो. सगीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी बीते 2021 में लोहंगपुर पण्डित का पुरवा में फूल मोहम्मद की पुत्री रानी से हुई से हुई। इस बीच वह रोजी रोटी के सिलसिले में विदेश चला गया। तहरीर मे आरोप लगाया गया है कि उसके बाहर होने को लेकर पडोसी जिले अमेठी के लोनियापुर निवासी सलीम के पुत्र निसार अहमद ने उसकी पत्नी से अवैध सम्बन्ध बना लिया। आरोपी द्वारा बीती उन्तीस सितंबर को उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कहीं लेकर चला गया। तहरीर में कहा गया है कि पीडित की पत्नी घर से एक लाख रूपये लेकर भी गयी है। पीड़ित के मुताबिक उसकी पत्नी से दो बच्चे हैं। आरोपी निसार अहमद ने पीडित के मोबाइल पर व्हॉटस्एप मैसेज भेजकर धमकी दिया है कि पत्नी रानी को भूल जाओं नही तो जान से मारे जाओगे। आरोपी ने पीडित को गालियां भी दी हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में दो युवक की मौत

करारी कोतवाली के संवरों बाजार के पास शुक्रवार शाम हुआ दर्दनाक हादसा

अखण्ड भारत संदेश



कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के संवरों बाजार के पास शुक्रवार शाम दो बाइक की आमने सामने तेज टक्कर ?हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार युवकों की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही दोनों परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक पिंडरा सहाबनपुर निवासी ताराचंद उर्फ जग्गू उम्र 22 वर्ष पुत्र हरिलाल शुक्रवार की शाम 7 बजे करारी बाजार से वापस घर लौट रहा था जैसे ही सवरो बाजार के पास पहुँचा उसकी बाइक सरायअकिल के फकीराबाद मोहल्ला निवासी आकाश उम्र 25 वर्ष पुत्र रमेश केसरवानी की बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर लहुलुहान हो गए मौके पर कोहराम मच गया हादसा देख कर स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े। आनन फानन दोनों घायलों को सड़क से उठाकर किनारे किया और सूचना कोतवाली पुलिस के साथ ही एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस पहुंचने से पहले ही ताराचंद्र की सांसें थम गईं। वहीं गंभीर हालत में आकाश को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान आकाश की भी मौत हो गई। जवान बेटों की मौत से दोनों पीड़ित परिवारों का रो-रोकर हालत खराब है।

तेजरफ्तार बाइक सवार डिवाइडर से टकरा कर दस फिट उछला घायल

हर्रायपुर कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना अंतर्गत मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के बड़ी धन्नी के पास बन रहे राम वन गमन मार्ग में ओवर ब्रिज में लगे डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार दस फिट उछल कर जमीन में गिर गया हादसे में बाइक सवार घायल हो गया मौके मूरतगंज चौकी के एस आई शिवनाथ व हमराही ऋषि अत्रि ने पहुंच कर व राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर घायल को मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार विमलेश उम्र 34 वर्ष पुत्र श्रीपाल निवासी कैनी थाना मंझनपुर गुरुवार की रात 10 बजे नरायण स्वरूप अस्पताल में भर्ती अपने पिता को देखकर घर वापस जा रहा था शराब के नशे में वह बड़ी धन्नी के पास डिवाइडर से टकरा गया तेज रफ्तार बाइक के चकते वह 10 फिट तक उछल कर दूर जा गिरा और गम्भीर रूप से घायल हो गया।

महिला की हत्या कर उसी की साड़ी के पल्लू से पेड़ में बांध दी लाश

पुलिस बताने लगी आत्महत्या, मृतक महिला के गले में नहीं लगा है फंदा

हत्यारो से मिलकर कही ठेके पर थाना पुलिस नही कराती हत्या जांच का विषय

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र अषाढा पुलिस चौकी अंतर्गत बिनौरा गांव में शुक्रवार की शाम एक विधवा महिला की पहनी धोती साड़ी के पल्लू को पेड़ से बांध दिया गया है गजब तो तब हो गया जिस साड़ी को महिला पहने हुए है उसी साड़ी से उसके गले में बिना फंदा बनाए पेड़ में बांध दिया गया है अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई गले में फंदा नहीं पड़ा आत्महत्या हो गई मृतक महिला के दोनों पैर जमीन पर पूरी तरह से रखे हैं महिला की मौत हो चुकी है आत्महत्या के कोई साक्ष्य मौके पर नहीं है लेकिन थाना पुलिस महिला की मौत को आत्महत्या बता रही है हत्या की घटनाओं में आत्महत्या का बयान बाजी करने वाले थाना पुलिस आखिर पुलिस अफसरो को क्या बताना चाहती है यह बड़ी जांच का विषय है पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के बिनौरा गांव के बाहर आम की बाग में शुक्रवार शाम एक विधवा महिला की पहनी साड़ी धोती के पल्लू को पेड़ से बांध कर आत्महत्या की कहानियां बताना शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा कोतवाली के लकौड़ा गांव निवासी ओमप्रकाश का बीमारी के चलते लगभग डेढ़ साल पहले मौत हो गई है।जिसकी पत्नी विमला उम्र 37 वर्ष मेहनत मजदूरी करके अपने दो बेटी व एक बेटा का भरण पोषण करती थी।जिसका गांव से दो किलोमीटर दूर बिनौरा गांव में आम की बाग में महिला की पहनी धोती साड़ी का पल्लू पेड़ से बांध दिया गया है गले मे फंदा नही है गांव के लोग जब खेतो की तरफ गए तो देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में महिला की आत्महत्या की बयान बाजी करने लगी है और हत्या के मामलों में आत्महत्या की बयानबाजी करने के पीछे थाना पुलिस का क्या स्वार्थ है आखिर बड़ी घटनाओं के मामले में अफसरो को थाना पुलिस क्यों गुमराह कर रही है यह बड़ी जांच का विषय है।

ट्रेन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत

महगांव कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत अमनी लोकीपुर गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार की बीती रात को ट्रेन की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी और संदीपन घाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर व्यक्ति की शिनाख्त करने में जुट गई आस पास के ग्रामीण लोगों से जानकारी ली गई मृत व्यक्ति की पहचान रामसिंह निवासी ग्राम लोकीपुर थाना संदीपन घाट जनपद के रूप में हुई है पुलिस को रेलवे पटरी पर मिले व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है ।

शराब की दुकान में रेट लिस्ट न लगी रहने पर एसडीएम ने लगाया जुर्माना

कौशाम्बी। पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र में नवमी के दिन शराब की निर्धारित दर से बिक्री व दुकानों की हकीकत जाने के लिए एसडीएम, सीओ व आबकारी निरीक्षण ने दुकानों का निरीक्षण किया।पश्चिम शरीरा की अंग्रेजी शराब की दुकान में रेट लिस्ट न लगी रहने पर जुमार्ना भी लगाया गया मंझनपुर एसडीएम आकाश सिंह, सीओ कौशाम्बी अभिषेक सिंह व आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार गौतम ने शुक्रवार को पश्चिम शरीरा की शराब दुकानों का निरीक्षण किया। पश्चिमशरीरा की अंग्रेजी व बीयर की दुकान का निरीक्षण करते हुए बिक्री व स्टाक रजिस्टर देखा। दुकान के सीसीटीवी को भी चेक किया।और अंग्रेजी शराब की दुकान में रेट लिस्ट न लगी रहने पर जुमार्ना लगाया गया।एसडीएम ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। सेल्समैन शराब खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो रेट लिस्ट न लगी रहने पर जुर्माना लगाया गया।

पूंछ में आग लगते ही प्रभु हनुमान ने जला डाली रावण की लंका

अखंड भारत संदेश

रामलीला का मंचन करत कलाकार

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। शहजादपुर में चल रही रामलीला मंचन में शुक्रवार को सीता की खोज में लंका पहुंचने पर पूंछ में आग लगने पर रावण की लंका जलाने का सजीव मंचन किया गया।

सुग्रीव का आदेश मिलने के बाद वानर सेना माता सीता की खोज में चारों दिशाओं पर निकल पड़ी। दक्षिण दिशा में हनुमान जी श्रीराम द्वारा दी गई मुद्रिका को लेकर जामवंत और अन्य साथियों के दक्षिण दिशा में निकल पड़े। सागर पड़ने पर जामवंत द्वारा हनुमान जी को उनका बल याद दिलाने पर उन्हीं एक ही छलांग में समुद्र की लांघकर लंका पहुंच गए। सीता की खोज करते हनुमान जी ने उन्हे अशोक वाटिका में उदास बैठे पाया। पास जाकर उन्होंने भगवान श्रीराम जी द्वारा दी गई अंगूठी उन्हे दिया। उसके बाद माता सीता की अनुमति से भूख लगने पर वाटिका के कंदमूल, और फल खाने लगे और वाटिका को तहस नहस कर दिया। इस पर राक्षस हनुमान जी की पकड़कर रावण के दरबार में ले गए। जहां पर रावण के आदेश पर राक्षसों से हनुमान की पूंछ में आग लगा दी। जिस पर हनुमान जी ने रावण की पूरी लंका जला कर तहस नहस कर दिया। शहजादपुर के लंकादहन में हनुमान बने किरदार की एक बड़े बांस में कपड़ा लपेटकर उसमें तेल डालकर आग लगाई जाती है फिर हनुमान जी उसी हनुमान जी आग लगे बांस को घुमाते हुए लंका मैदान में मौजूद सभी लोगों को दौड़ाते है। हनुमान के दौड़ाने पर लंका मैदान में मौजूद लोग भाग भाग कर अपनी जान बचाते है। शहजादपुर की प्राकृतिक रूप से मनाई जाने वाली लंका दहन का मंचन अपने आप में अनोखा है। जहां लंका दहन देखने आए लोग राक्षस का किरदार निभाते है और हनुमान से उन्हे दौड़ा दौड़ा कर भगाते है। कभी कभी इस लीला मंचन में भागते वक्त कुछ लोग चूटहिल हो जाते है। लंका दहन के इस सजीव मंचन का दर्शक खूब लुत्फ उठाते है। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष रवि तिवारी, उपाध्यक्ष नन्द लाल निषाद कोषाध्यक्ष अनूप यादव सोनकर समाज अध्यक्ष संदीप सोनकर मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सोनकर महामंत्री प्रभाष सोनकर, मंत्री मोहित यादव, रंजीत यादव सत्यम तिवारी ऋतू राज यादव सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

बारूद सप्लायर कौन बड़ी जांच का विषय

अवैध तरीके से संचालित आतिशबाजी पटाखा की फैक्ट्री में बारूद की सप्लाई बीते चार दशक से खुले आम हो रही है

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से संचालित आतिशबाजी पटाखा की फैक्ट्री में बारूद की सप्लाई बीते चार दशक से खुले आम हो रही है जहां बिना लाइसेंस के पटाखे का निर्माण बेखौफ तरीके से आतिशबाजी करते चले आ रहे हैं बीते वर्षों में कई बार पटाखा फैक्ट्री में बड़े विस्फोट हुए हैं तमाम निर्दोष लोगों की दर्दनाक मौत हुई है बिना लाइसेंस और नियम विरुद्ध तरीके से पटाखा निर्माण में लगे आतिशबाजों के गुनाहों को बेनकाब कर बारूद के इस खेल को बंद करना होगा सबसे बड़ा सवाल यह है कि कई दशक से कौशांबी जिले के विभिन्न बाजार मनौरी भरवारी सिराथू तारानगर कड़ा आलमचंद्र शहजादपुर करारी अलीपुर सुहेला सराय अकिल पुरखास तिल्हापुर मोड़ महावा अषाढा समदा गढ़ी चंपाहा बैरम पुर काशिया पूर्व मंझनपुर चरवा सिरियावा चौराडीह चायल बड़े गांव सहित विभिन्न स्थानों में पटाखा फैक्ट्री संचालक या आतिशबाजी में लगे लोगों को बारूद का सप्लायर कौन है आतिशबाज फैक्ट्री संचालकों के पास बारूद कहां से आता है और जिले में तमाम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद बारूद कैसे आतिशबाज की फैक्ट्री में आसानी से पहुंच जाता है विभीषण बनकर कौन सरकारी नुमाइंदा बारूद पहुँचाने वाले लोगों के संपर्क में है जिससे इतना खतरनाक बारूद आसानी से जिले में पहुंच रहा है यह बड़ी जांच का विषय है।

हवन पूजन भंडारे के साथ संपन्न हुआ नवरात्रि का 9 दिन

नवरात्रि के अंतिम दिन देवी पंडाल से लेकर देवी मंदिरों में उमड़ी महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

हवन करते भक्त

कौशाम्बी। शारदीय नवरात्र के 9 दिन जिले के विभिन्न कस्बो बाजार गांव में देवी मंदिर और देवी पंडाल में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूप की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कीर्तन भजन माँ का जगराता आदि कार्यक्रम विधि विधान से किया पूरा जिला मां की भक्ति में लीन रहा सुबह से शाम तक देवी मंदिर और देवी पंडाल में मां के जयकारे होते रहे पूजन आरती कीर्तन भजन घंटे घड़ियाल की मधुर संगीत से पूरा जिला गूंज रहा था नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को देवी मंदिर से लेकर देवी पंडाल में यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन भक्तों द्वारा किया गया जहां यज्ञ अनुष्ठान में महिला पुरुष भक्तों ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया मां की पूजा अर्चन में बड़े बूढ़े के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़कर हिस्सा लिया नवरात्रि के नव दिन पूरे जिले के कोने कोने में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा नवरात्रि के अंतिम दिन देवी पंडाल सहित देवी मंदिरों में विशाल भंडारे का आयोजन जगह-जगह पर किया गया है जहां कन्या पूजन के बाद कन्या भोजन भी भक्तों ने कराया और कन्याओं को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया हालांकि देवी मंदिर और दुर्गा पंडाल स्थल पर नवरात्रि में प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन भक्तों द्वारा किया जाता रहा शुक्रवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से ही माता दुर्गा के दर्शन पाने को महिला पुरुष भक्त आतुर दिखाई पड़े हैं और मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों की सुबह से भारी भीड़ लगी रही दुर्गा मंदिर परिसर के यज्ञ कुंड में हवन यज्ञ करने के लिए महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रहे क्षेत्र के कई पुरोहितों ने मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराया।

इसी तरह शीतला धाम कड़ा में भी नवरात्रि के अंतिम दिन मां शीतला के दर्शन पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही यज्ञ अनुष्ठान हवन के साथ भक्तों ने भंडारा और कन्या पूजन का भी आयोजन किया देवी मंदिरों के आसपास मेले का आयोजन भी किया गया जहां बाजार में जमकर भक्तों ने खरीदारी की देवी मंदिरों में सुरक्षा को लेकर के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रत्येक देवी मंदिर और देवी पंडाल में महिला पुलिस कर्मी और पुरुष पुलिस कर्मी सुरक्षा में पूरे दिन तैनात रहे।

भजन कीर्तन करते भक्त

चिल्ड्रन कमेटी ने नौ दिन माता रानी का किया भव्य पूजन व कीर्तन भजन

अखंड भारत संदेश

नेवादा कौशाम्बी। नेवादा ब्लॉक के औधन गांव मे चिल्ड्रन कमेटी यनि छोटे बच्चों ने एक टीम बनाकर आदि शक्ति माता जगदंम्बा शेरा वाली का नौ दिन तक बड़े ही धूमधाम धूमधाम से पूजा अर्चना किया एवं कीर्तन भजन करते हुये माता रानी का भव्य स्वागत किया चिल्ड्रन कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापती पुत्र कृष्ण कुमार की अध्यक्षता मे छोटे-छोटे बच्चे एकत्रित होकर सहयोग करते हुये कार्यक्रम को शोभायमान बना दिया और इस कीर्तन मे आये हुये गांव के ही कीर्तन कमेटी अध्यक्ष हरीलाल गुप्ता के नेत्तृत्व मे डा.गोपाल दास प्रजापती,कैलाश चन्द केशरवानी बिश्राम प्रजापती रामानन्द निषाद श्यामलाल मास्टर ठाकुर चन्द्रभान सिंह, श्रीनाथ बाबा जी, एवं बाजा साज पर रहे हरिश्चन्द, गुलाब चन्द, बिनोद कुमार मास्टर, रावेन्द्र उर्फ मुर्गा आदि कलाकार एवं भक्तों से पूरा स्थल गुंजायमान रहा।

जिले के अन्य बाजारों में भी है बारूद का बड़ा भंडारण

बीते दिनों पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद तमाम निर्दोष लोगों की हो चुकी है मौत

कौशांबी। मंगलवार को पिपरी थाना के मनौरु बाजार में अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त टीम ने चार बोरी बारूद बरामद कर पटाखा फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर लिया है अधिकारियों के साथ पुलिस की यह कार्यवाही बेहद सराहनीय है बीते दिनों पटाखा फैक्ट्री भरवारी में विस्फोट के बाद तमाम निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है मनौरी बाजार में बारूद के बरामद किए जाने के बाद विस्फोट की संभावना कम हो गई है जिससे जनहानि नहीं होगी पुलिस और अधिकारियों के इस कार्यों की खुले मन से जिले की जनता ने सराहना की है। गौरतलब है कि पुलिस और अधिकारियों द्वारा मनौरी बाजार में मंगलवार को पटाखा फैक्ट्री में की गई कार्रवाई कौशांबी जनपद के लिए पर्याप्त नहीं है कौशांबी जनपद के भरवारी मंझनपुर पश्चिम शरीरा सराय अकिल पुरखास तिल्हापुर सैय्यद सरावा करारी कड़ा सिराथू दारानगर मूरतगंज हर्रायपुर आलम चंद्र अलीपुर सुहेला शहजादपुर महावा अषाढा समदा गढ़ी चंपाहा बैरम पुर काशिया पूर्व चरवा सिरियावा चौराडीह चायल बड़े गांव सहित मनौरी बाजार के विभिन्न स्थानों में पटाखा बनाने के लिए बारूद के बड़े भंडारण किए जाते हैं जिन्हें दिवाली के पहले पटाखे बनाने में प्रयोग किया जाता है लेकिन अन्य बाजार में बारूद के भंडारण पर पुलिस और अधिकारियो की अभी नजर नही पहुँची है आगे इन स्थानों में बारूद भंडारण पर अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं इनका मुखबिर तंत्र कितना सटीक होता है यह तो वक्त बताएगा।

कमाई का दोगुना टैक्स जिला पंचायत को देने को मजबूर हैं व्यापारी

नेवादा कौशाम्बी। योगी आदित्यनाथ के आदेश को जिला पंचायत के अधिकारी नही मानते सरकार के बार बार आदेश देने के बाद भी उनके अधिकारी अपने कमाऊ पूत की तर्ज पर प्राईवेट कर्मचारी को रखकर सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और उसी के आड़ मे शिकार खेलने पर लगे है छोटे वर्ग के ब्यापरियों से कमाई का दोगुना टैक्स जिला पंचायत के इंस्पेक्टर ने वसूली का टारगेट देकर ब्यापारियों को मजबूर कर दिया है।

चायल तहसील क्षेत्र मे इस समय गांव देहात के छोटे वर्ग के ब्यापरियों से मनमानी ढंग से जिला पंचायत के अधिकारी वसूली कर रहे हैं यहां तक कि पान की गोमती टी वी बनाने वाला मैकैनिक व अन्य लोगों पर भी यह हाबी हैं जिला पंचायत इस्पेक्टर व उनके प्रायवेट पालतू गुर्गे की अजीब वसूली से व्यापारी समुदाय में आक्रोश पनप रहा है सूत्रों के मुताबिक 500 रुपए रोज की बिक्री पर 39000 रुपए जिला पंचायत के टैक्स की वसूली उनके इंस्पेक्टर्स द्वारा व्यापारियों से की जा रही है और टारगेट दिया जाता है यह मनमानी वसूली कहां तक सही है 15000 रुपए महीने का व्यापार करने के बाद व्यापारी डेढ़ हजार रुपए महीना कमाई नहीं कर पाता है जिससे 3000 रुपये महीना का टैक्स वसूली करने के लिए जिला पंचायत इंस्पेक्टर और उनके प्राईवेट पालतू गुर्गे द्वारा ब्यापारियों पर दबाव बनाया जाता है जो ब्यापारी थोड़ा भी मजबूरी का हवाला दिया तो प्राईवेट पालतू गुर्गे दबंगई दिखाते हुए ब्यापरियों को जिलाधिकारी के नाम पर धमकी देते फिरते हैं जिससे व्यापारी दुकान घर छोड़कर पलायन करने को मजबूर है टैक्स के नाम पर जिला पंचायत के इंस्पेक्टर का व्यापारियों पर कब तक आतंक अत्याचार इसी तरह से चलता रहेगा तमाम व्यापारी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुका है व्यापार चौपट हो रहे हैं और वह घर गांव छोड़कर पलायन को मजबूर हो रहा है देश से प्रदेश तक भाजपा की सरकार है जिला पंचायत अध्यक्ष भी भाजपा की है भाजपा की सरकार में जिस तरह से गांव के व्यापारियों को टैक्स के नाम पर शोषण हो रहा है यह बड़ा मंथन का विषय है।

1100 दीप जलाकर सजा मां का दरबार

दीपों से जगमगाता मॉ का दरबार

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। सिराथू क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ बाजार में मां भगवती दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा स्थापित दुर्गा पंडाल को गुरुवार की रात कस्बे की कन्याओं, महिलाओं और कमेटी के सदस्यों ने मिलकर रंगोली बनाकर 1100 दीप का प्रज्वलन कर मां दुर्गा के दरबार को सजाने का काम किया। रंगोली और दीप प्रज्वलन में महती भूमिका निभाने वाली कस्बे की कुमारी लाडो, नंदिनी, सेजल, नैंसी, तनु, जानवी, नव्या, अनामिका, स्वरा व दिवा को कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने मिशन शक्ति के अंतर्गत सभी कन्याओं को पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया। मां के दरबार में दीपोत्सव कार्यक्रम के समय उपस्थित सौरभ केसरवानी, दिनेश केसरवानी, सचिन केसरवानी, अविनाश सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सभी सम्मानित कन्याओं का ताली बजाकर जोरदार पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया।

न्यूज झरोखा

हवन, पूजन भंडारे के साथ हुआ दुर्गा पूजा का समापन

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। टेढ़ीमोड़ बाजार में शुक्रवार को माता के नौवें रूप की पूजा सिद्धिदात्री के रूप में की गई। माता की नौवीं शक्ति सिद्धिदात्री हैं, जी प्रत्येक कार्य में सिद्ध हस्त होने की प्रेरणा देती है। मान्यता है की माता सिद्धिदात्री आठ सिद्धियां प्रदान करती है। पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इन्हीं शक्ति स्वरूप देवी की उपासना कर सभी सिद्धियां प्राप्त की थी। टेढ़ीमोड़ दुर्गा पूजा पंडाल में सुबह माता की पूजा कर दोपहर बाद भक्तों ने हवन किया। उसके बाद शाम को दुर्गा पूजा पंडाल में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु पंडाल पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन मां भगवती दुर्गा पूजा कमेटी टेढ़ीमोड़ के द्वारा कराया गया। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सौरभ केसरवानी, सचिन केसरवानी सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

गुपचुप तरीके से जला दिया किशोरी की लाश

कौशाम्बी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा सेलरहा पश्चिम में उर्मिला देवी उम्र 15 वर्ष पुत्री ओम प्रकाश सरोज उर्फ बच्चा सरोज ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है परिजनों ने सुबह भोर में जब घर का दरवाजा खोला तो किशोरी फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली किशोरी की मौत की चर्चा गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई मौके पर लोगों की भीड़ लग गई रिश्तेदार परिवार अन्य लोगों को बिना सूचना दिए आनन फानन में घर वालों ने शुक्रवार की सुबह 7 बजे किशोरी की लाश ससुर खदेरी नदी के किनारे गुपचुप तरीके से जला दिया किशोरी की मौत के पीछे तमाम चर्चा है जो बड़ी जांच का विषय है किशोरी की मौत के मामले में दाल में कुछ काला है या फिर पूरी दाल ही काली रह गई है।

रावण वध दशहरे का आयोजन आज

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित दारानगर मनौरी शहजादपुर आदि स्थानों पर रावण वध और दशहरे का आयोजन शनिवार को आयोजित किया गया है क्षेत्र को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया जा रहा है दशहरा के दिन भव्य कलात्मक चौकियों का आयोजन भी दशहरा पूजा कमेटी द्वारा किया जाता है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस के जवान पूरे मेला क्षेत्र में तैनात किए गए हैं दशहरा और रावण वध देखने के लिए मेला क्षेत्र में महिला पुरुषों की भारी भीड़ मौजूद होती है।

सम्पादकीय

हरियाणा चुनाव के बाद कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित हार के कई तरह से विश्लेषण किए जा रहे हैं। कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी, आलाकमान के निदेर्शों की परवाह न करके क्षत्रपों का मनमाना रवैया, भाजपा की रणनीति को समझने में चूक, दलित और जाट वोट बैंक का साथ न मिलना और इन सबके साथ एक अहम कारण इंडिया गठबंधन के दलों को साथ न लेकर चलने को भी कांग्रेस की हार का कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस पर अहंकारी होने के आरोप कई विश्लेषक लगा रहे हैं। वैसे अगर परिणाम एक्जिट पोल के मुताबिक ही आते तो शायद इस तरह विश्लेषण में पलटी मारने की कला नहीं देखी जाती। क्योंकि स्वतंत्र पत्रकारिता करने वाले यू ट्यूब चैनलों के पत्रकार ही नहीं, सरकार समर्थक माने जाने वाले न्यूज चैनलों के एक्जिट पोल में भी कांग्रेस की जीत के अनुमान लग रहे थे। कांग्रेस तो अब भी यही मानती है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी की गई है, इसलिए उसे कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इस बात की शिकायत निर्वाचन आयोग से भी कांग्रेस ने की है, और नतीजों को अस्वीकार्य करार दिया है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया है और गड़बड़ी की बात नहीं मानी है, लेकिन फिर भी शिकायत दर्ज हुई है, तो उस पर क्या कार्रवाई आयोग करता है, यह देखना होगा। हालांकि कांग्रेस के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाए तो आंकड़े दशार्ते हैं कि पार्टी की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार ही हुआ है। 2014 में कांग्रेस को केवल 15 सीटें मिली थीं और वोट शेयर 20.58 प्रतिशत था, वहीं 2019 में 16 सीटें बढ़ीं और कांग्रेस 31 के आंकड़े पर पहुंची, तब वोट शेयर 28.08 प्रतिशत रहा और इस बार के चुनाव में कांग्रेस की छह सीटें बढ़ीं तो उसे 37 सीटों पर जीत मिली और इस बार वोट शेयर 39.09 रहा। अर्थात कांग्रेस के वोट शेयर में 11.01 प्रतिशत का उछाल आया। इन आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस की रणनीति तो शायद सही रही लेकिन उसे जमीन पर उतारने का जो काम स्थानीय कांग्रेस नेताओं को करना चाहिए था, उसमें वो नाकाम रहे। बहरहाल, नाकामी मिली है तो ठीकरा किसी न किसी के सिर फूटना है। ऐसे में कांग्रेस विरोधी लोगों को फिर राहुल गांधी ही नजर आ रहे हैं कि उनकी नेतृत्व क्षमता पर संदेह खड़ा करने का माहौल बनाया जाए। इसमें खुद प्रधानमंत्री मोदी भी पीछे नहीं हैं। हरियाणा की जीत को उन्होंने सीधे भारत के खिलाफ किसी संभावित अंतरराष्ट्रीय साजिश के विफल होने से जोड़ दिया। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसी साजिशों के साथ है, लेकिन हरियाणा की जनता ने उसे जवाब दे दिया है। हालांकि ऐसा कहते हुए श्री मोदी यह भूल गए कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने कांग्रेस और नेकां गठबंधन पर मुहर लगाई है। नरेन्द्र मोदी ने तो कांग्रेस पर विभाजनकारी खेल करने का आरोप भी लगाया, साथ ही उसे परजीवी बताते हुए उसके सहयोगियों को आगाह किया कि कांग्रेस उनका लाभ ले लेगी और उन्हें खत्म कर देगी। इन बयानों को सुनकर यह समझ आता है कि राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा के वक्त जिस तरह उन्हें घेरने की कोशिश भाजपा ने की, हरियाणा के नतीजों के बाद वो कोशिशें थोड़ा और जोर पकड़ रही हैं।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म एवं नवसृजन का पर्व

-ललित गर्ग-

भारतीय त्योहार एवं मेले जहां संस्कृति के अभिन्न अंग हैं वहीं प्रेरणाओं से भी जुडे. हैं। एक ऐसा ही अनूठा पर्व है दशहरा। भारत के लगभग सभी भागों में दशहरे का पर्व एक महान उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसे विजयदशमी भी कहा जाता है। यह पर्व बुराइयों से संघर्ष का प्रतीक पर्व है, यह पर्व देश की सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीयता को नवऊर्जा देने का भी पर्व है। आज भी अंधेरों से संघर्ष करने के लिये इस प्रेरक एवं प्रेरणादायी पर्व की संस्कृति को जीवंत बनाने की जरूरत है। बहुत कठिन है यह बुराइयों से संघर्ष करने का सफर। बहुत कठिन है तेजस्विता की यह साधना। बहुत जटिल है स्व-अस्तित्व एवं स्व-पहचान को ऊंच शिखर देना। आखिर कैसे संघर्ष करें घर में छिपी बुराइयों से, जब हर घर आंगण में रावण-ही-रावण पैदा हो रहे हो, चाहे भ्रष्टाचार के रूप में हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण के रूप में, चाहे साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वालों के रूप में हो, चाहे राष्ट्र को तोड़ने वाले आतंकवाद के रूप में हो, चाहे शिक्षा, चिकित्सा एवं न्याय को व्यापार बनाने वालों के रूप में। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाते हुए जहां शक्ति की कामना की जाती है, वहीं राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों की ओर ध्यान खींचा जाता है। इससे नई प्रेरणा, नई ताजगी, नई शक्ति एवं नई दिशाएं मिलती है।

दशहरा भारत का ह्यराष्ट्रीय त्योहारह्ल है। रामलीला में जगह-जगह रावण वध का प्रदर्शन होता है। क्षत्रियों के यहाँ शस्त्र की पूजा होती है। ब्रज के मन्दिरों में इस दिन विशेष दर्शन होते हैं। इस दिन नीलकंठ का दर्शन बहुत शुभ माना जाता है। यह त्योहार क्षत्रियों का माना जाता है। इसमें अपराजिता देवी की पूजा होती है। यह पूजन भी सर्वसुख देने वाला है। दशहरा या विजयादशमी नवरात्रि के बाद दसवें दिन मनाया जाता है। भगवान श्रीराम शक्ति की देवी मां दुर्गा के भक्त थे, उन्होंने युद्ध के दौरान पहले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की, इसके बाद भाई लक्ष्मण, भक्त हनुमान, और बंदरों की सेना के साथ एक बड़ा युद्ध लड़कर दसवें दिन दुष्ट रावण का वध किया। सीता को छुड़ाया। इसलिए विजयादशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश का एक बहुत ही प्रेरणा का पर्व है। इस दिन रावण, उसके भाई कुम्भकर्ण और पुत्र मेघनाद के पुतले खुली जगह में जलाए जाते हैं।

दशहरा पर्व कृषि उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में भी राजाओं के युद्ध प्रयाण के लिए यही ऋतु निश्चित एवं सर्वाधिक अनुकूल थी। शमी पूजा भी प्राचीन है। वैदिक यज्ञों के लिए शमी वृक्ष में उगे अश्वत्थ (पीपल) की दो टहनियों (अरणियों) से अग्नि उत्पन्न की जाती थी। अग्नि शक्ति एवं साहस की द्योतक है, शमी की लकड़ी के कुंदे अग्नि उत्पत्ति में सहायक होते हैं। जहाँ अग्नि एवं शमी की पवित्रता एवं उपयोगिता की ओर मंत्रसिक्त संकेत हैं। इस उत्सव का सम्बंध नवरात्र से भी है क्योंकि इसमें महिषासुर के विरोध में देवी के साहसपूर्ण कृत्यों का भी उल्लेख होता है और नवरात्र के उपरांत ही यह उत्सव होता है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म एवं पूजा का भी पर्व है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं, शस्त्र-पूजा की जाती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। भगवान श्रीराम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है, शस्त्र पूजन की तिथि है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद,

मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। आज दशहरा का पर्व मनाते हुए सबसे बड़ी जरूरत भीतर के रावण को जलाने की है। क्योंकि ईमानदार प्रयत्नों का सफर कैसे बढ़े आगे जब शुरूआत में ही लगने लगे कि जो काम मैं अब तक नहीं कर सका, भला दूसरों को भी हम कैसे करने दें? कितना बौना चिन्तन है आदमी के मन का कि मैं तो बुरा हूं ही पर दूसरा भी कोई अच्छा न बने। इस बौने चिन्तन के रावण को जलाना जरूरी है।

दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। यह देश की सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को जोड़ने का पर्व भी है। इस वर्ष का विजयादशमी पर्व इसलिये विशेष है, क्योंकि इस पर्व की सकारात्मक क्रांतिकारी ऊर्जा से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया जाना है बल्कि पडौसी पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा एवं सावधान भी किया जाना है। आजादी के अमृत काल में राष्ट्र को शताब्दी वर्ष के लिये सशक्त किया जाना है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह एक शक्तिशाली नेतृत्व का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म, नवसृजन एवं पूजा का भी पर्व है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालें होती रही है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक को भी इस देश ने ऋषि की उपाधि दी गई जिसने कहा था कि ह्यऋणं कृत्व घृतं पीवेतह्ल अर्थात जो भी है वह आज है, कल किसने देखा है इसलिए आज को भरपूर ढंग से जीना चाहिए और कर्जा लेकर भी अगर यह करना पड़े तो करना चाहिए। इसके साथ ही हमारे ऋषियों ने हमें यह उपदेश भी दिया कि ह्यसत्यं ब्रूयात न ब्रूर्यात सत्यं अप्रियंह्ल अर्थात सच बोलो मगर कड़वा सच मत बोलो।

हिन्दू संस्कृति की यही महानता और विशेषता रही है कि प्रिय सत्य की वकालत तो करती है मगर इसके कटु होने पर निषेध करने को भी कहती है। यह हिन्दू संस्कृति अहिंसा की संस्कृति है पर जरूरत पड़ने पर शस्त्र उठाकर स्व-रक्षा की बात भी कहती है। हिन्दू शब्द से ही स्वराष्ट्र का बोध होता है जो कि हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान है। इसी विचारधारा को बल देने का सशक्त माध्यम है विजयादशमी पर्व। मराठा रत्न शिवाजी ने भी औरंगजेब के विरुद्ध इसी दिन प्रस्थान करके हिन्दू धर्म का रक्षण किया था। भारतीय इतिहास में अनेक उदाहरण हैं जब हिन्दू राजा इस दिन विजय-प्रस्थान करते थे। ऐसा माना गया है कि शत्रु पर विजय पाने के लिए इसी समय प्रस्थान करना चाहिए। इस दिन श्रवण नक्षत्र का योग और भी अधिक शुभ माना गया है।

स्कंदपुराण के अनुसार गंगा दशहरे के दिन व्यक्ति को किसी भी पवित्र नदी पर जाकर स्नान, ध्यान तथा दान करना चाहिए। इससे वह अपने सभी पापों से मुक्ति पाता है।

इस गंगा दशहरे पर स्वयं को पापों को धोने के साथ-साथ जरूरत जन-जन के मनों को भी मांजने की है। जरूरत उन अंधेरी गलियों को बुहारने की ह

ताकि बाद में आने वाली पीढ़ी कभी अपने लक्ष्य से न भटक जाये। जरूरत है सत्य की तलाश शुरू करने की जहां न तर्क हो, न सन्देह हो, न जल्दबाजी हो, न ऊहापोह हो, न स्वार्थों का सौदा हो और न दिमागी बैशाखियों का सहारा हो। वहां हम स्वयं सत्य खोजें। मनुष्य मनुष्य को जोड़े।

दशहरा एक चुनौती बनना चाहिए उन लोगों के लिये जो अकर्मण्य, आलसी, निठल्ले, हताश, सत्वहीन बनकर सिर्फ सफलता की ऊंचाइयों के सपने देखते हैं पर अपनी दुर्बलताओं को मिटाकर नयी जीवनशैली की शुरूआत का संकल्प नहीं स्वीकारते। दशहरे का उत्सव धर्म की रक्षा,शक्ति का प्रदर्शन और शक्ति का समन्वय का प्रतीक है। इसके अलावा दशहरा नकारात्मक शक्तियों के ऊपर सकारात्मक शक्तियों के जीत का प्रतीक है।

शक्ति-पूजा का पर्व है दशहरा

रमेश सर्राफ धमोरा

भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।

दशहरा शब्द हिंदी के दो शब्दों दस और हारा से मिलकर बना है। जहां दस गणित के अंक दस (10) और हारा शब्द पराजित का सूचक है। इसलिए यदि इन दो शब्दों को जोड़ दिया जाए तो दशहरा बनता है। जो उस दिन का प्रतीक है जब दस सिर वाले दुष्ट रावण का भगवान राम ने वध किया था। दशहरा अथवा विजयदशमी पर्व को भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में। दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है।

दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है।

कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का श्रृंगार कर पूरे शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालिकाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगंतुकों का स्वागत पारम्परिक मिठाई और उपहारों से किया जाता है। यहां भी रावण-दहन के आयोजन होते हैं व मैदानों में मेले लगते हैं।

हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं। पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है।

महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नये घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है।

बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी हैं जो दुर्गा का ही रूप हैं। यहां यह पर्व पूरे 75 दिन चलता है। यहाँ दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक चलता है। बस्तर में यह समारोह लगभग 15वीं शताब्दी से शुरू हुआ था। इसका समापन अश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

गुजरात में मिट्टी सुशोभित रंगीन घड़ा देवी का प्रतीक माना जाता है और इसको कुंवारी लड़कियां सिर पर रखकर एक लोकप्रिय नृत्य करती हैं जिसे गरबा कहा जाता है। गरबा नृत्य इस पर्व की शान है। पुरुष एवं स्त्रियां दो छोटे रंगीन डंडों को संगीत की लय पर आपस में बजाते हुए घूम घूम कर नृत्य करते हैं। इस अवसर पर भक्ति, फिल्म तथा पारम्परिक लोक-संगीत सभी का समायोजन होता है। पूजा और आरती के बाद डांडिया रास का आयोजन पूरी रात होता रहता है। नवरात्रि में सोने और गहनों की खरीद को शुभ माना जाता है।

बंगाल, ओडिशा और असम में यह पर्व दुर्गा पूजा के रूप में ही मनाया जाता है। यह बंगालियों, ओडिया, और आसमिया लोगों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। बंगाल में दशहरा पूरे पांच दिनों के लिए मनाया जाता है। ओडिशा और असम मे चार दिन तक त्योहार चलता है। यहां देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों में विराजमान करते हैं। देश के नामी कलाकारों को बुलवा कर दुर्गा की मूर्ति तैयार करवाई जाती हैं। इसके साथ अन्य देवी द्वेवताओं की भी कई मूर्तियां बनाई जाती हैं।

यहां दशमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। प्रसाद चढ़ाया जाता है और प्रसाद वितरण किया जाता है। पुरुष आपस में आलिंगन करते हैं जिसे कोलाकुली कहते हैं। स्त्रियां देवी के माथे पर सिंदूर चढ़ाती हैं व देवी को अश्रुपूरित विदाई देती हैं। इसके साथ ही वे आपस में भी सिंदूर लगाती हैं व सिंदूर से खेलती हैं। इस दिन यहां नीलकंठ पक्षी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है। अन्त में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। मूर्ति विसर्जन यात्रा बड़ी दर्शनीय होती है।

कश्मीर के अल्पसंख्यक हिन्दू नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा से मनाते हैं। परिवार के सारे वयस्क सदस्य नौ दिनों तक उपवास करते हैं। अत्यंत पुरानी परम्परा के अनुसार नौ दिनों तक लोग माता खीर भवानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय विजय नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। इसलिए भी इसे विजयादशमी कहते हैं।

तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में दशहरा नौ दिनों तक चलता है जिसमें तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की पूजा करते हैं। पहले तीन दिन धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन होता है। अगले तीन दिन कला और विद्या की देवी सरस्वती की अर्चना की जाती है और अंतिम दिन देवी शक्ति की देवी दुर्गा की स्तुति की जाती है।

पूजन स्थल को अच्छी तरह फूलों और दीपकों से सजाया जाता है। लोग एक दूसरे को मिठाइयां व कपड़े देते हैं। यहां दशहरा बच्चों के लिए शिक्षा या कला संबंधी नया कार्य सीखने के लिए शुभ समय होता है।

हरियाणा की जीत के बाद फिर लौटा नरेंद्र मोदी का पुराना अंदाज

- के रवींद्रन

उभरती हुई राजनीतिक कहानी एक व्यापक प्रवृत्ति को दशार्ती हैः क्षेत्रीय जीत का राष्ट्रीय स्तर पर गहरा असर हो सकता है। जैसे-जैसे भाजपा अपनी सफलता का आनंद ले रही है, कांग्रेस और उसके सहयोगियों के लिए निहितार्थ स्पष्ट होते जा रहे हैं, जो समकालीन राजनीति की लगातार बदलती गतिशीलता को उजागर कर रहे हैं। प्रत्येक चुनाव चक्र जटिलता की परतें जोड़ता है। मंगलवार की रात मोदीजी ने अपने पुराने अंदाज में ही भाषण दिया। हरियाणा में भाजपा की सफलता के बाद प्रधानमंत्री के विजय भाषण से ऐसा लगा जैसे उन्होंने राष्ट्रीय चुनाव में जीत हासिल कर ली हो। उन्होंने वह सब कुछ कहा जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद कहने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी पार्टी के लिए कम जनादेश के कारण ऐसा नहीं कर सके थे। मंगलवार की रात का संबोधन राज्य विधानसभा चुनाव के दायरे से कहीं आगे निकल गया। हरियाणा में भाजपा की अप्रत्याशित सफलता ने उनमें नई एड्रेना लाईन की खुराक भर दी। इस संबोधन में मोदी ने अविश्वास से भरा और एक ऐसे नेता की छवि पेश की जो अपने आख्यान को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक था। बॉडी लैंग्वेज ने नये जोश की कहानी बयां की, जो 2024 के चुनाव के बाद के मोदी के बिल्कुल विपरीत था, जो हिचकिचाते और सतर्क दिखाई दिए थे। उस समय, उनके भाषण गठबंधन की गतिशीलता और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संदर्भों से भरे हुए थे, जो एक ऐसे नेता को दशार्ते थे जो अपने सहयोगियों द्वारा असुरक्षित और विवश महसूस करता था। लेकिन मंगलवार की रात की बात अलग थी। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों और विजन के बारे में जोश से बात की और प्रभावी रूप से माहौल को अपने पक्ष में मोड़ दिया एक ऐसे समय में जब लग रहा था कि राहुल गांधी की कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष गति पकड़ रहा है। शुरूआती चुनावी गणनाओं से कांग्रेस के लिए संभावित भूस्खलन का संकेत मिल रहा था, जिससे उसके समर्थकों में आशावाद जग रहा था। फिर भी, जैसे-जैसे परिणाम सामने आये, भाजपा ने पूवार्नुमानों को झुठलाते हुए अपने मुख्यालय में उदास माहौल को उल्लास में बदल दिया। इस बदलाव ने न केवल पार्टी के उत्साह को बढ़ाया बल्कि अपने समर्थकों के बीच मोदी की स्थिति को भी मजबूत किया। यह आगामी महाराष्ट्र चुनावों के लिए एक रणनीतिक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में कार्य कर सकता है, जहां दांव ऊंचे हैं। मौजूदा सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कांग्रेस-एनसीपी (शरद पवार)-शिव सेना (उद्धव) गठबंधन भाजपा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मुंबई में जीत राहुल गांधी के लिए बहुत जरूरी गति प्रदान करेगी, जिनकी पार्टी घटते मनोबल से जूझ रही है। मोदी के लिए, हरियाणा के परिणाम न केवल उनके आत्मविश्वास को फिर से जीवंत करते हैं, बल्कि उन्हें आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के साथ-साथ कहानी को अनुकूल रूप से तैयार करने का अवसर भी देते हैं। मोदीजी के भाषण में विकास और शासन के विषयों पर जोर दिया गया। उन्होंने कांग्रेस और उसके तरीकों पर सीधा हमला किया और बताया कि कैसे पार्टी समकालीन राजनीतिक इतिहास में लंबे समय तक कभी भी दूसरा कार्यकाल नहीं जीत पाई है। उन्होंने कांग्रेस के घावों पर नमक छिड़कते हुए उन्हें याद दिलाया कि भाजपा को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए हरियाणा में सत्ता में वापस लाया जा रहा है और इस सफलता का श्रेय उन्होंने जनता के लिए सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को दिया।

भाजपा इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि कांग्रेस में कमजोरी का कोई भी संकेत उसकी अपनी गति में फिर से उछाल ला सकता है। यह स्पष्ट है कि पार्टी आने वाले चुनावों में स्थिरता और प्रगति के चैंपियन के रूप में खुद को स्थापित करेगी, एक ऐसा कथानक जो महाराष्ट्र में विशेष रूप से अच्छी तरह से प्रतिध्वनित होता है, जहां विकास संबंधी मुद्दे सर्वोपरि हैं।

हरियाणा में, भाजपा ने स्थानीय चिंताओं और मोदीजी की राष्ट्रीय अपील दोनों का लाभ उठाया। बुनियादी ढांचे, महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार सृजन पर उनका ध्यान मतदाताओं के दिलों में घर कर गया, जिससे दबाव वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को बल मिला। यह जमीनी स्तर का जुड़ाव महत्वपूर्ण है क्योंकि भाजपा कार्रवाई और परिणामों की पार्टी के रूप में अपना ब्रांड बनाना जारी रखती है। निस्संदेह, बढ़ती प्रतिस्पर्धा के खिलाफ अपनी चुनावी गति को बनाये रखने में भाजपा के सामने एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर कांग्रेस-एनसीपी (शरद पवार) -शिवसेना (ठाकरे) गठबंधन के सामने एक बड़ा काम हैः उन्हें एक आकर्षक प्रति-कथा को अपनाना और प्रस्तुत करना होगा। राहुल गांधी का नेतृत्व जांच के दायरे में होगा, और पार्टी को वर्तमान प्रशासन की नीतियों से निराश मतदाताओं को जोड़ना होगा। क्षेत्रीय गतिशीलता भी महत्वपूर्ण है। हरियाणा में परिणाम आसन्न राज्यों में भाजपा के आधार को और मजबूत करेगा, जिससे गठबंधन को बढ़ावा मिलेगा जो एक विखंडित विपक्ष के खिलाफ अपनी स्थिति को मजबूत करेगा। इसलिए महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लचीलेपन और कांग्रेस की अनुकूलन क्षमता दोनों के लिए एक अग्नि परीक्षा होगी।

मोदी का विजय भाषण एक अधिक मुखर अभियान शैली की ओर वापसी के संकेत देता है। प्रधानमंत्री अपनी बयानबाजी को और तेज कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य सत्ता को मजबूत करना और भाजपा के भीतर और विपक्ष दोनों से चुनौतियों का सामना करना है। यह 2024 के लोकसभा चुनावों में असफलता के बाद से अपनाये गये सतर्क दृष्टिकोण से अलग है, जिसमें उन्होंने गठबंधन बनाने और आम सहमति पर ध्यान केंद्रित किया है। हरियाणा में मोदी की जीत ने भाजपा में नई ऊर्जा भर दी है और पार्टी अपने राष्ट्रीय अभियान के लिए इस सफलता को लॉन्चिंगपैड के रूप में भुनाने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री की अपनी पार्टी को एकजुट करने और एक स्पष्ट, सम्मोहक दृष्टिकोण व्यक्त करने की क्षमता आने वाले महीनों में महत्वपूर्ण होगी। राजनीतिक विश्लेषक निस्संदेह हरियाणा के परिणामों के निहितार्थों का विश्लेषण करेंगे।

डीएम ने 51 कन्याओं का पूजन कर बांटे उपहार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष कन्या पूजन व प्रसाद का आयोजन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की मौजूदगी में मानिकपुर ब्लाक के अगरहुण्डा गांव में आयोजित हुआ। डीएम ने 51 कन्याओं का मंत्रोच्चारण से कन्या पूजन के बाद उपहार बांटे।

शुक्रवार को डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुसार शारदीय नवरात्रि पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन बाबत सरकार सुविधा के बारे में प्रचार-प्रसार कर जागरूक कर रही है। जिलाधिकारी ने अपील किया कि सभी लोग बच्चियों को स्कूल भेजें। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सम्बन्धी लाभ लें। उन्होंने कहा कि पढाई से समाज में बदलाव आ सकता है। इसमें सभी लोगों का सहभागिता होनी चाहिए, जिससे बच्चियां पढ लिख कर आगे बढ सकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बच्चियों को आगे बढने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से आगे बढने के लिए अवसर दिया जा रहा है। आप लोग इसका लाभ उठाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कुप्रथाओं को छोडकर शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करनी चाहिए। आज महिलाएं आगे बढ कर आसमान छू रही है। आप लोग भी पढ लिख करके आगे बढे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नंदकिशोर, दिनेश का अन्नप्राशन एवं गौरा, सुलेखा की गोद भराई भी किया गया।इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, डीआरआई से राजेंद्र, बसंत, ग्राम प्रधान अगरहुड्डा प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

कन्या को उपहार देते डीएम।

दुर्गा नवमी पर थाना प्रभारी ने कराया कन्या भोज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मिशन शक्ति अभियान के तहत दुर्गा नवमी के मौके पर पहाडी थाना प्रभारी रीता सिंह ने कन्या भोज का आयोजन किया।

शुक्रवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण व बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह ने थाना पहाड़ी में पुलिस कर्मियों के साथ दुर्गा नवमी पर कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान कन्याओं को खीर-पूड़ी खिलाकर कन्या पूजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण बाबत जागरूक किया गया।

कन्या भोज कराती थाना प्रभारी रीता सिंह।

संदिग्ध दशा में किशोर की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाड़ी थाने के खरसेड़ा गांव में 17 वर्षीय संतशरण उर्फ राजू की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या के आरोप लगाये हैं।

ये घटना गुरुवार की शाम सात बजे हुई। बताया गया कि संतशरण खेत जाने के लिए घर से निकला था। एक घंटे बाद आठ बजे परिजनों ने उसे खेत के रास्ते में अचेत अवस्था में पड़ा देखा। आनन-फानन में उसे पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुक्रवार को दोपहर संतशरण का शव पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पड़ोसी संजय व उसके परिवार से उनके पुराने विवाद के चलते ये हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के असली कारण का पता चलेगा। घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजन न्याय की मांग लगा रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

16 से 18 तक नानाजी के जन्मदिन पर होगा शरदोत्सव

भजन व आनन्द रघुनन्दन नाटक से होगा शरदोत्सव का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नानाजी देशमुख के जन्मदिन पर शरद पूर्णिमा से शुरू होने वाले तीन दिवसीय पारम्परिक व समकालीन कला की सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव 16 से 18 अक्टूबर तक रहेगा। इस पर उद्यमिता विद्यापीठ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में बैठक हुई।

शुक्रवार को हुई बैठक में संत समाज, सामाजिक- राजनैतिक लोगों ने आयोजन बाबत सुझाव दिये। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि लम्बे समय से नानाजी के जन्मोत्सव पर शरदोत्सव का आयोजन संस्थान कर रहा है। कुछ वर्षों से शरदोत्सव का स्वरूप राष्ट्रीय स्तर का हो गया है। कहा कि नानाजी का जीवन सार्वजनिक रहा है। उन्होंने आम जनता के लिये काम किये हैं। 16 अक्टूबर को भजन-संध्या गायन होगा।

भजन गायक पवन तिवारी टीकमगढ़, आनन्द रघुनन्दन नाट्य प्रस्तुति, अनामिका सिंह परिहार सतना की प्रस्तुति होगी। 17 अक्टूबर को भक्ति गायन साधौ बैण्ड शबरी लीला नाटक होगा। 18 अक्टूबर को सुगम संगीत का आयोजन है। इसमें इंडियन आइडल के विजेता गायक पवनदीप राजन व अरुणिता कांजीलाल मुम्बई की प्रस्तुति होगी। ये कार्यक्रम दीनदयाल परिसर में प्रतिदिन शाम सात बजे से होंगे। इस मौके पर संत रामजीदास संतोषी अखाड़ा, बलरामदास रामानंद आश्रम, सीताशरणदास जानकी महल, गोविंददास भगवत आराधना आश्रम, दिव्यजीवन दास दिगम्बर अखाड़ा, डॉ राम नारायण त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ, जिपं अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे, ऋषि बोहरा सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, विवेक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल समाजसेवी, रामसागर चतुर्वेदी, डॉ अश्वनी अवस्थी, कार्तिकेय द्विवेदी, राव प्रबल श्रीवास्तव, राजेन्द्र मिश्रा, अवधशरण, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती राजेश्वरी द्विवेदी, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार हिमांशु शुक्ला, सीएमओ विशाल सिंह, एसडीओपी रोहित राठौर, टीआई पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद संत व अधिकारी।

गृहकलह से तंग वृद्ध ने कुआ में कूदकर दी जान

राजापुर/चित्रकूट। राजापुर थाना क्षेत्र के गनींवा चैकी के 73 वर्षीय वृद्ध ने गृह कलह से तंग आकर कुआ में कूदकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को कुआ से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शुक्रवार को कंधवनिया गांव के शिवगणेश (73) पुत्र नन्दलाल ने घरेलू विवाद से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला, जब परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। गांव के कुआ में शव तैरता दिखा। परिजनों ने इसकी सूचना राजापुर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह व एसआई अंकित सिंह मौके पर पहुंचे। शिवगणेश लंबे समय से लकवा से पीडित थे। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। एक बेटा किशन किशोर उर्फ बीरू व पांच बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। घटना के समय उनकी पत्नी शीला देवी मायके धाता कौशाम्बी गई थी। घटना से परिवार में शोक की लहर है।

विसर्जन स्थल का हुआ निरीक्षणः प्रशासन मुस्तैद, सुरक्षा के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। सीओ मऊ व एसडीएम मानिकपुर ने देवी विसर्जन स्थल भरोसा बांध का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने आधिशासी अधिकारी को मूर्ति विसर्जन रास्ते के गड्ढों को ठीक करने के निर्देश दिये। वहीं बांध पर गोताखोरों को लगाने के निर्देश दिये हैं।

शुक्रवार को सीओ मऊ जयकरन सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मानिकपुर कोतवाली प्रभारी दुर्गविजय सिंह को निर्देश दिये कि 13 अक्टूबर को विसर्जन स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाये। विसर्जन में आने वाले महिलाओं व अन्य लोगों के साथ कोई भी अभद्रता न होने पाये। पानी के पास छोटे बच्चों को न जाने दें। एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने कहा कि भरोसा बांध में सीओ मऊ, अधिशासी अधिकारी व थाना पुलिस ने विसर्जन को लेकर जायजा लिया। अधिशासी अधिकारी को रोड़ सही कराने के निर्देश दिये। रोड की सफाई, बांध के पास लाइट, पानी के साथ-साथ अन्य सुविधाओं के निर्देश दिये। इस मौके पर मानिकपुर कोतवाली प्रभारी दुर्गविजय सिंह, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी भरत समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

भरोसा बांध का निरीक्षण करते एसडीएम-सीओ।

एसपी ने मानिकपुर थाने का किया निरीक्षण

चित्रकूट। नवरात्रि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में मानिकपुर पुलिस बल द्वारा नवरात्रि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने के लिए कस्बा मानिकपुर के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड भाड वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा दुकानदारों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही संदिग्ध वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछताछ की गयी।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात व नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

हनुमान धारा दर्शन को पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हनुमान धारा मंदिर में जुट रही है। ये मंदिर हनुमान जी के लिए समर्पित है। इसकी जलधारा को चमत्कारी माना जाता है, जो हनुमान जी की पूंछ पर गिरती है। मान्यता है कि ये पवित्र स्थल तब अस्तित्व में आया, जब हनुमान जी लंका जलाने के बाद अपनी जलती पूंछ को शांत करने यहां आये थे। भगवान श्रीराम ने हनुमान जी की पीड़ा को कम करने को अपने बाण से इस जलधारा का निर्माण किया था।

पहले इस मंदिर तक पहुंचना काफी चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि श्रद्धालुओं को 618 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती थीं। अब दामोदर रोपवे की मदद से यात्रा सरल हो गई है। श्रद्धालु अब मात्र पांच मिनट में पहाड़ की चोटी पर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन करते हैं। ये 302 मीटर लंबा रोपवे हर घंटे पांच सौ श्रद्धालुओं को ले जाने की क्षमता रखता है। श्रद्धालु चित्रकूट की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए मंदिर पहुंचते हैं।ये मंदिर मप्र के सतना जिले व उप्र के चित्रकूट जिले की सीमा पर स्थित है। जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि अद्भुत प्राकृतिक दृश्य भी प्रस्तुत करता है। हनुमान जी की बायीं भुजा पर लगातार गिरती जलधारा और उनकी मुस्कराती मूर्ति श्रद्धालुओं के मन में आस्था का संचार करती है। इस नवरात्रि हनुमान धारा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक बना हुआ है। यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनायें पूरी करने को आते हैं।

दामोदर रोपवे से यात्रा करते श्रद्धालु।

विधायक ने मुख्यमंत्री आवास लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 145 पात्र लाभार्थियों को मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने प्रमाण पत्र बांटे। विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सरकारी रुपयों का दुरुपयोग न कर शत-प्रतिशत आवास निर्माण करायें।

शुक्रवार को मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर हर गरीब व योजना में पात्र व्यक्ति के सिर पर पक्की छत हो। इसके लिए लाभार्थियों का चयन व उन्हें लाभ दिलाने को हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि ब्लाक के अधिकारी व सचिव निष्पक्षता के साथ लाभर्थियों का सहयोग करें। इससे सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल सके। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा समेत ब्लाक कर्मचारी व प्रधान मौजूद रहे।

अधिकारियों को निर्देश देते विधायक।

छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के भरे नमूने

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन प्रियंका सिंह ने बताया कि नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर आम जन मानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग ने अभियान दल का गठन कर जनपद में खाद्य, पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापामार कार्यवाही कर जांच के लिए नमूनों का संग्रहण किया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान दल ने सिघांड़ा आटा का एक नमूना संग्रहित किया। उप जिलाधिकारी कर्वी व सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में जनपदीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा किया गया। जिसमें कामधेनु स्वीट्स से काजू की बर्फी का 1 नमूना संग्रहीत कर जांच व विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान दल द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करते हुये हिदायत दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें। अन्यथा कि दशा में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

एसडीएम-सीओ ने किया नगर भ्रमण

दुर्गा पंडालों का लिया जायजा, सफाई के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मऊ में शारदीय नवरात्रि व दुर्गा विसर्जन के मौके पर क्षेत्र में शांति-सुरक्षा कायम करने को एसडीएम सौरभ यादव व सीओ जयकरण सिंह ने पुलिस टीम के साथ नगर का भ्रमण किया।

शुक्रवार को उन्होंने बाजार रोड, रामलीला मैदान व दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने रामलीला मैदान में पटाखों की बिक्री वाले स्थल का दौरा किया। एसडीएम सौरभ यादव ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रबंध किये गये हैं। विसर्जन को सभी तालाबों की साफ-सफाई के निर्देश पहले ही दिये जा चुके हैं। कस्बे की देवी प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय कंटिया तालाब में होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित तालाबों में किया जाएगा। प्रधान-सचिव को निर्देश दिये कि विसर्जन से पहले तालाबों की साफ-सफाई करायें। देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शांति व सौहार्दपूर्ण किया जाये, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। दुर्गा पंडालों में धीमी गति से गीत बजाने के निर्देश दिये, ताकि धार्मिक आयोजनों में शांति बनी रहे। सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस की तैनाती की गई है। इससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकेगा। इस दौरान मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय, क्राइम इंस्पेक्टर अभय राज सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

दुर्गा पंडालों का निरीक्षण करते एसडीएम-सीओ आदि।

भीम आर्मी ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

राज्यपाल सम्बोधित नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने स्थानीय प्रशासन पर गरीबों, मजदूरों व महिलाओं के शोषण का आरोप लगाते हुए राज्यपाल संबोधित नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को संजय गौतम ने कहा कि राजापुर क्षेत्र में प्रशासन गरीबों के साथ होने वाले अन्याय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने रंगावती पत्नी गोरेलाल के साथ हुई मारपीट व अभद्रता का मामला उठाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही अवधेश पुत्र काशी के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने व सिद्ध विनायक हॉस्पिटल रेप कांड के अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। धरना स्थल पर भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, उपाध्यक्ष लक्ष्मण दास पटेल शामिल रहे। इसके अलावा सैकड़ों ग्रामीण, किसान व अन्य कार्यकर्ता प्रदर्शन में मौजूद रहे। वहीं नायब तहसीलदार मनोज सिंह ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिया कि ज्ञापन को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

नानाजी देशमुख-लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती में ग्रामोदय पखवाडा का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दीनदयाल शोध संस्थान में 25 सितंबर पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से 11 अक्टूबर भारत रत्न नानाजी देशमुख एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती तक ग्रामोदय पखवाडा का कार्यक्रम मनाया गया। संस्थान के सभी प्रकल्पों से कार्यकर्ता व मझगवां के सभी स्वावलंबन केंद्रों एवं संपर्कित केंद्रों तक प्रवास किये।

शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में सरसों दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, प्रगतिशील किसान शंकरलाल तिवारी, रामचन्द्र भर्ती, देवी कोल एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा केन्द्र प्रमुख डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी द्वारा नानाजी के चित्र पर दीपप्रज्वलन व माल्यर्पण से हुआ। वैज्ञानिक विजय गौतम द्वारा तिलहन के अंतर्गत सरसों उत्पादन को बढावा देने के लिए उन्नत कृषि तकनीक, उन्नत बीज एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सरसों में लगने वाले कीटों एवं रोगों की पहचान इससे नुकसान व बचाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। राजवीर सिंह प्रक्षेत्र अधिकारी इफको ने इफको उत्पाद, नैनों डीएपी, नैनों यूरिया नैनों बेस्ट डिकम्पोजर एवं सागरिका के कृषि उत्पादन में उपयोग व उसके महत्व के विषय में जानकारी दी। इस दौरान कृषकों को निःशुल्क सरसों का बीज बांटा गया। मानिकपुर के सात गांव जारोमाफी, गोपीपुर तरौहां, डांडी कोलान, उमरी, खिचरी व बंधवा के महिला एवं पुरुष कृषकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक कमलाशंकर शुक्ल ने किया। इस मौके पर जन शिक्षण संस्थान निदेशक अनिल कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक पुष्पेंद्र सिंह, सतीश पाठक, डॉ दीपेंद्र, अंकुर त्रिपाठी मौजूद रहे।

लेबनान और गाजा में भारत बनेगा शांतिदूत? इजरायल के हमले से कराह रहा पश्चिम एशिया

तेल अवीवः इजरायल के लेबनान और गाजा में भीषण हमले और ईरान के तनातनी ने पश्चिम एशिया को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। कई एक्सपर्ट इस बात का अंदेशा जाहिर कर चुके हैं कि कोई नई घटना पूरे क्षेत्र को जंग में झोंक सकती है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच भारत का नाम भी बार-बार सामने आया है। भारत के इजरायल, ईरान और अरब देशों से अच्छे रिश्तों को देखते हुए ये सवाल पूछा जाता रहा है कि क्या दिल्ली की पश्चिम एशिया में शांति बहाली में एक बड़ी भूमिका हो सकती है।

भारत में ईरानी राजदूत इराज इलाही ने हाल ही में कहा है कि भारत को इजरायल को गाजा में नरसंहार रोकने के लिए मनाना चाहिए, जिससे क्षेत्र में तनाव कम हो सके। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि ईरान के आह्वान के बावजूद भारत के इस संघर्ष में मध्यस्थ बनने की संभावना नहीं है। भारत की गैर-हस्तक्षेप की नीति और युद्धग्रस्त क्षेत्र में सीमित प्रभाव उसके लिए सफलता की उम्मीद कम करते हैं।

भारत क्या वाकई निभा सकता है बड़ा रोल!

यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस थिंक टैंक के वरिष्ठ दक्षिण एशिया सलाहकार डैनियल मार्की ने कहा कि भारत के इजराइल और ईरान, दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। इसके बावजूद मुझे लगता है कि पश्चिम एशिया में योगदान करने की दिल्ली की क्षमता सीमित है। उसके पास बहुत ज्यादा अवसर कोई बड़ी भूमिका निभाने के लिए नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के ग्रिफिथ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर इयान हॉल कहते हैं, 'वास्तव में भारत को युद्ध विराम कराने की कोशिश करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। यह सोचने का कोई कारण नहीं है कि भारत वहां सफल हो सकता है, जहां अमेरिका तक विफल रहा है। भारत का इजरायल पर भी सीमित प्रभाव है और हमास के साथ भी संपर्क के कुछ ही बिंदु हैं।

भारत को मध्यस्थता नहीं करनी चाहिएः तनेजा

दिल्ली स्थित ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के उप निदेशक और फेलो कबीर तनेजा का कहना है, 'भारत कभी भी पश्चिम एशिया में मध्यस्थ नहीं रहा है, ना ही किसी मध्यस्थता की पेशकश की है। मुझे लगता है कि भारत को ऐसा करना भी नहीं चाहिए क्योंकि दिल्ली की ताकत उसका गैर-हस्तक्षेपवादी दृष्टिकोण है।'

तनेजा कहते हैं कि भारत ने 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी और 1992 में इजरायल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध शुरू किए। भारत ने इजरायल और फिलिस्तीन के लिए दो-स्टेट समाधान की भी वकालत की है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष पर वास्तविक राजनीतिक लाभ अमेरिका के पास है। अगर अमेरिका की कूटनीति विफल हो गई है तो किसी अन्य मध्यस्थ के लिए फिर बहुत कम संभावना है।

इजरायल स्थिति को और गंभीर नहीं बनाएं : चीन

बीजिंग। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति पर चर्चा करने के लिए फिलिस्तीन-इजरायल मुद्दे पर एक सार्वजनिक बैठक की। बैठक में भाषण देते हुए चीन ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी के खिलाफ इजरायल के दुष्प्रचार पर कड़ा विरोध व्यक्त किया। साथ ही चीन ने इजरायल से स्थिति को और गंभीर बनाना बंद करने का आग्रह भी किया।

चीन ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर से गाजा पट्टी में संघर्ष और मध्य पूर्व की स्थिति सुरक्षा परिषद के कार्य का फोकस रही है। लेकिन, स्थिति में अब तक सुधार नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी बिगड़ती जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय कानून का अधिकार कुछ देशों के लिए व्यर्थ प्रतीत होता है, और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून की निचली रेखा का बार-बार उल्लंघन किया गया है।

चीन ने इजरायल से मानवीय सहायता को हथियार बनाना बंद करने और गाजा पट्टी पर अपनी नाकाबंदी और मानवीय पहुंच प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया है। चीन ने कहा कि इजरायल को गाजा पट्टी में सभी सैन्य अभियान बंद करने होंगे और गाजा पट्टी के लोगों के खिलाफ सामूहिक सजा समाप्त करनी होगी।

साथ ही हम सुरक्षा परिषद के हाशिए पर जाने को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

ईरान पर हमले के लिए हमारे हवाई क्षेत्र में नहीं आएं... मुस्लिम देशों ने अमेरिका-इजरायल को दिया झटका

तेहरानः पश्चिम एशियाई देशों ने अमेरिका और इजरायल से कहा है कि वे ईरान पर हमला करने के लिए उनके हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल ना करें। अमेरिका के करीबी इन मुस्लिम देशों ने ये बात ऐसे समय कही है, जब ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। इजरायल की ओर से ईरान पर हमला किए जाने का अंदेशा है। अमेरिका इजरायल का सबसे अहम सहयोगी है। ऐसे में दोनों देशों को पश्चिम एशिया के देशों ने साफ कर दिया है कि इसमें उनके क्षेत्र का इस्तेमाल ना करें। फर्स्टपोस्ट ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से कहा है कि ये इजरायल और अमेरिका के लिए बड़ा झटका है। पश्चिम एशियाई के जिन देशों ने अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर रोक लगाई है, वो लंबे समय से अमेरिकी सहयोगी और साझेदार हैं। लंबे समय से बेहतर रिश्तों के बावजूद इन देशों ने अमेरिका से कहा है कि वे ईरान के खिलाफ आक्रामक अभियानों के लिए अपनी भूमि या हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की इजाजत नहीं देंगे।

गाजा के स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में 28 की मौत

बेरूतः इजरायली एयर स्ट्राइक में 22 की मौत, हिजबुल्लाह कमांडर बच निकलने में रहा कामयाबलेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत, 41 घायल

गाजा। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार दोपहर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गए और 54 से अधिक घायल हो गए।

फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसायटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने डेर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजरायली सेना द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद हताहतों की मदद की।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चिकित्सकों ने कहा कि एम्बुलेंस कर्मचारियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किए, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए थे।

इस बीच, इजरायली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने डेर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में "एक कमांड और नियंत्रण केंद्र" के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर "सटीक हमला" किया।

सेना ने कहा कि केंद्र का इस्तेमाल "आईडीएफ (इजरायल डिफेंस फोर्सेज) सैनिकों और इजरायल राज्य के खिलाफ

आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था।" इसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि "नागरिकों को नुकसान के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए, जिसमें सटीक गोला-बारूद का उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं।"

पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले से शुरू हुआ गाजा संघर्ष, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए थे, अब अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, गाजा में चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 लोग घायल हुए हैं।

इंसानों की तरह बात करते हैं एलन मस्क के रोबोट

वॉशिंगटनः अरबपति एलन मस्क ने गुरुवार की रात 'वी रोबोट' इवेंट के दौरान दुनिया के सामने अपनी गाड़ियों और रोबोट को रखा। एलन मस्क ने ऐसी चीजें दिखाई हैं, जिन्हें हम सिर्फ किसी साइंस-फिक्शन फिल्म में देखते हैं और कल्पना करते हैं। इस शो का स्टार टेस्ला साइबरकैब को माना जा रहा है। लेकिन इवेंट में एलन मस्क ने एक बार फिर टेस्ला ह्यूनॉइटड ऑप्टिमस को रखा। यह इंसानी आकार के रोबोट हैं जो दो पैर पर चलते हैं और इनके दो हाथ हैं। एलन मस्क ने इनके बारे में कहा कि यह अब कुछ भी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'ऑप्टिमस आपके बीच चलेगा। आप उनके पास जाएंगे तो वे आपको ड्रिंक्स सर्व करेंगे।' वह रोबोट्स की क्षमता को असीमित बताते हैं। उनका कहना है कि यह कुत्ते को घुमा सकता है, बच्चों की देखभाल कर सकता है, गार्डन की घास काट सकता है। उनका अनुमान है कि जब यह मार्केट में होगा तो इसकी कीमत 20 से 30 हजार डॉलर के करीब होगी। मस्क ने दावा किया, 'मेरा मानना है कि यह अब तक बनाया गया सबसे महत्वपूर्ण

उत्पाद होगा।'

इंसानों की तरह करता है बात

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पृथ्वी पर 8 अरब लोगों में से हर कोई ऑप्टिमस बडी चाहेगा।' इससे जुड़े कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें रोबोट लोगों को ड्रिंक्स सर्व कर रहा है। साथ ही वह लोगों से एकदम इंसानों की तरह बात कर रहा है। किसी भी बात का वह आम भाषा में जवाब देता है। मस्क इवेंट के दौरान एक वीडियो दिखाते हैं,जिसमें रोबोट कार से सामान निकाल कर लाता है। उन्होंने भविष्यवाणी की कि टेस्ला इसके लाखों यूनिट तैयार करेगा।

रोबोटैक्सी से पहुंचे मस्क

एलन मस्क ने इस दौरान रोबोटैक्सी और साइबर कैब भी दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि इसकी कीमत 30 हजार डॉलर से भी कम होगी। इस टैक्सी की खास बात है कि इसमें कोई भी ड्राइवर नहीं रहेगा। उन्होंने अगले साल तक कैलिफोर्निया और टेक्सस में सड़क पर इसे उतारने का प्लान बताया। कैलिफोर्निया के बरबैंक में वार्नर ब्रदर्स स्टूडियो में आयोजित इस कार्यक्रम में एलन मस्क साइबरकैब में पहुंचे।

न्यूयॉर्क की मेट्रो में दौड़ रहे चूहे, दिल्ली में चल रही मेट्रो, रूसी मीडिया ने उड़ाया मजाक तो मिला चीन का भी साथ

मास्कोः यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और रूस के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। अमेरिकी मीडिया जहां रूस को लेकर लगातार हमले करता रहता है, वहीं रूसी मीडिया भी वॉशिंगटन की पोल खोलता रहता है। रूसी मीडिया स्पुतनिक ने अब भारत की दिल्ली मेट्रो को लेकर अमेरिका को आईना दिखाया है जो खुद को सुपरपावर कहता है लेकिन सुविधाएं देने के नाम पर जीरो है। स्पुतनिक न्यूज ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें दिखाया कि न्यूयॉर्क मेट्रो में चूहे दौड़ रहे हैं और हर तरफ गंदगी है, वहीं दिल्ली मेट्रो हर तरफ चमचमा रही है। दिल्ली मेट्रो की साफ सफाई दिल जीत रही है। स्पुतनिक के इस वीडियो पर चीन के भारत में दूतावास की प्रवक्ता ने भी दिल्ली मेट्रो की तारीफ की है।

स्पुतनिक एक्स पर वीडियो पोस्ट करके लिखा, 'नई दिल्ली मेट्रो बनाम अमेरकिा का न्यूयार्क मेट्रो। आप किस मेट्रो में जाना पसंद करेंगे।' इस वीडियो में नजर आ रहा है कि दिल्ली मेट्रो में सब आसानी से आ जा रहे हैं और ट्रेन के अंदर से लेकर बाहर स्टेशन तक शानदार साफ सफाई है। वहीं न्यूयार्क मेट्रो में स्टेशन से लेकर ट्रेन

के अंदर तक हर जगह गंदगी दिख रही है। स्टेशन पर हर जगह कचड़ा फैला हुआ है। लोग ट्रेन के अंदर भी सीट पर लेटे हुए हैं। स्टेशन की दीवारों पर पानी रिसा है जिससे काफी काई और गंदगी जमी हुई है।

रूसी मीडिया ने आलोचना पर यह दिया जवाब

वीडियो में नजर आ रहा है कि ट्रेन की पटरियां भी गंदगी से भरी हुई हैं। स्टेशन पर चूहे दौड़ रहे हैं। स्पुतनिक ने एक और पोस्ट करके कहा कि हमें हमारे वीडियो पर काफी कॉमेंट मिले हैं और कहा गया है कि न्यूयॉर्क मेट्रो 100 साल से ज्यादा पुरानी है जबकि नई दिल्ली मेट्रो काफी नई है। रूसी मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि इस तुलना में एक दिक्कत है। रूस की मेट्रो 1930 के दशक में बनी थी और यह अभी भी नई और साफ नजर आती है। गिरावट आना अपनी पसंद है। स्पुतनिक ने एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें मास्को मेट्रो को दिखाया गया है जो काफी साफ नजर आ रही है और आलीशान सुविधाएं भी मौजूद हैं। स्पुतनिक के इस वीडियो पर चीन के नई दिल्ली में दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने भी तारीफ की है और कहा कि मेरा समर्थन नई दिल्ली मेट्रो को जाता है। स्पुतनिक के इस पोस्ट पर दिल्ली मेट्रो की सोशल मीडिया में जमकर तारीफ हो रही है। एक यूजर राजीव पांडे ने लिखा, 'दिल्ली मेट्रो न्यूयॉर्क के सबवे सिस्टम से ज्यादा अच्छी और साफ है। मैं इस सप्ताह न्यूयॉर्क में था।

न्यूयॉर्क मेट्रो गंदी थी और कई ऐसे लोग थे जो बिना टिकट ही यात्रा कर रहे थे। यही नहीं मेट्रो के अंदर कई ड्रग्स लेने वाले भी मौजूद थे और वे समस्या पैदा कर रहे थे। लोग मेट्रो के अंदर ही सबसे सामने थूक रहे थे। दिल्ली मेट्रो न्यूयॉर्क से कहीं ज्यादा अच्छी है।'

लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत, 41 घायल

बेरूत। लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए और 6 सैनिकों समेत 41 अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दोपहर और शाम के समय लेबनान में 16 हमले किए तथा पूर्वी लेबनान

में नौ और हमले किए, जिसमें 21 लोग मारे गए और 41 घायल हो गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घायलों में लेबनान के छह सैनिक भी शामिल हैं। ये सभी लेबनान में हौश अल-सैय्यद अली क्रॉसिंग पर एक सैन्य चौकी पर इजरायली ड्रोन हमले में घायल हो गए थे।

लेबनानी नागरिक सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि

इजरायली हमले में लेबनान के पूर्व में करक गांव में एक तीन मंजिला इमारत नष्ट हो गई, जिसमें नौ लोग मारे गए और 14 घायल हो गए।

सूत्रों ने बताया, "नागरिक सुरक्षा कर्मियों ने लेबनानी रेड क्रॉस के सहयोग से लेबनान के रयाक कस्बे में इजरायली हमले में नष्ट हुई एक इमारत से पांच शव बरामद किए और आठ घायलों को मलबे से बाहर निकाला।"

सूत्रों के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के महरूना कस्बे और मैफादौन गांव में सात शव और 13 घायल व्यक्ति मिले।

सितंबर के अंत से, इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के साथ तनाव बढ़ाते हुए लेबनान पर तेजी से हमले शुरू कर दिए हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर

योग सत्संग समिति

द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज

1/6C माधव कुंज

कटरा प्रयागराज से मुद्रित

एवं

क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान

झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश

से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

बांग्लादेश में सड़क से उतरी कार, आठ लोगों की मौत

ढाका। बांग्लादेश के पिरोजपुर जिले में गुरुवार तड़के एक कार के सड़क से उतर जाने से चार बच्चों सहित दो परिवारों के कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई।

यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी है।

पिरोजपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुकीत हसन खान ने पत्रकारों को बताया, "दुर्घटना में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब तीन बजे कार सड़क से उतरकर नहर में जा गिरी।

दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच की जा रही है।

बेरूतः इजरायली एयर स्ट्राइक में 22 की मौत, हिजबुल्लाह कमांडर बच निकलने में रहा कामयाब

बेरूत। बेरूत के घनी आबादी वाले क्षेत्र अल-नूइरी को निशाना बनाकर की गई इजरायली एयर स्ट्राइक में मरने वालों की संख्या कम से कम 22 हो गई और 117 लोग घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने नवीनतम अपडेट में यह जानकारी दी ।

गुरुवार की एयर स्ट्राइक कथित तौर पर हिजबुल्लाह के संपर्क और कोऑर्डिनेशन यूनिट के प्रमुख वाफिक सफा को निशाना बनाकर की गई। हालांकि सफा हमले में बच गया।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अल जजीरा टीवी चैनल के हवाले से बताया कि यह तीसरी बार है जब इजरायल ने अल कोला और अल-बचौरा इलाकों पर हमला करने के बाद

लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया।

रॉयटर्स की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के मुताबिक लेबनान सरकार ने अपने दैनिक अपडेट में कहा कि पिछले साल से लेबनान में जारी इजरायली हमलों में कम से कम 2,169 लोग मारे गए। इनमें से ज्यादातर की मौत 23 सितंबर के बाद हुई, जब इजरायल ने अपने सैन्य अभियान का विस्तार किया। मृतकों की संख्या में नागरिकों और लड़ाकों के बीच अंतर नहीं किया गया।

बता दें 23 सितंबर से, इजरायल ने लेबनान में हवाई हमले तेज कर दिए। उसका कहना है कि यह कार्रवाई लेबानानी संगठन हिजबुल्ला के खात्मे के लिए की जा रही है। 27 सितंबर को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में एक महत्वपूर्ण हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और उसके कई सहयोगी मारे गए। वहीं इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में जमीनी सैन्य अभियान भी शुरू कर दिया। इजरायली हमलों की वजह से लेबनान में लाखों लोग विस्थापित हुए हैं।